MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः4 : अंकः 41 | ग्वालियर, बुधवार 23 अक्टूबर 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## बीजेपी ने महाराष्ट्र के लिए जारी की 99 उम्मीदवारों की सूची, फडणवीस को नागपुर दक्षिण पश्चिम से टिकट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पहली सूची में 99 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नागपुर साउथ वेस्ट से, राज्य भाजपा प्रमुख चन्द्रशेखर बावनकुले कामठी से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा भाजपा ने मंत्री गिरीश महाजन को जामनेर से, मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर से, आशीष शेलार को वांद्रे वेस्ट से, मंगल प्रभात लोढ़ा को मालाबार हिल से टिकट दिया है। कोलाबा से राहुल नार्वेकर, सतारा से छत्रपति शिवेंद्र राजे भोसले को उम्मीदवार बनाया गया है।

**पूर्व सीएम अशोक चव्हाण की बेटी को भोकर से टिकट**

भाजपा ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को पार्टी ने नांदेड़ जिले की भोकर विधानसभा सीट से टिकट दिया है।

**आशीष शेलार को वांद्र वेस्ट से टिकट**

भाजपा ने मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार को वांद्रे वेस्ट से टिकट दिया है। आशीष शेलार महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं।

**विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर कोलाबा से प्रत्याशी**

भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा



के अध्यक्ष राहुल सुरेश नार्वेकर को कोलाबा से प्रत्याशी बनाया है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करने का जिम्मा सौंपा था।

**पूर्व सीएम के बेटे को टिकट**

भाजपा ने कंकावली सीट से पूर्व सीएम नारायण राणे के बेटे नीतेश नारायण राणे को टिकट दिया है।

**महाराष्ट्र में एक चरण में होंगे चुनाव**

महाराष्ट्र में एक चरण में चुनाव होंगे। 22 अक्तूबर को चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन की आखिरी तारीख 29 अक्तूबर है। 30 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद नामांकन वापसी की आखिरी तारीख 4 नवंबर है। वहीं मतदान की तारीख 20 नवंबर है। मतगणना की तारीख 23 नवंबर है।

**भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित) के बीच गठबंधन**

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार है। इसमें भाजपा के साथ एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से 158 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। जबकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को बंटवारें के तहत 70 सीटें मिल सकती हैं और अजित पवार की एनसीपी को 50 सीटें देने की पेशकश की गई है। इसे लेकर अभी महायुति गठबंधन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक एलान नहीं किया है।

## प्रधानमंत्री ने धौलपुर हादसे पर जताया दुख, मुआवजे की घोषणा की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के धौलपुर जिले में सड़क दुर्घटना पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने मुआवजे की घोषणा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से इस दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को दो-दो लाख और प्रत्येक घायल को



साथ ही इस बात का भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों को हर संभव सहायता मुहैया कराने में लगा हुआ है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि वे घायलों के 50 हजार का मुआवजा देने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के धौलपुर जिले में एक बस और टैंपो की भिड़ंत में आठ बच्चों सहित 12 लोगों की मौत हो गयी है।

## नई तकनीकों का उपयोग कर कार्यों की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार किया जाए : सीएम योगी

**एजेंसी**

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा की और संतोष व्यक्त करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। सीएम योगी ने विभाग को कार्यों की समयबद्धता, गुणवत्ता, और कर्मचारियों की ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ अगले वर्ष बाढ़ से बचाव की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की समय पर पूर्णता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि देरी से ना केवल लागत बढ़ती है, बल्कि जनता को भी लाभ मिलने में देर होती है, इसलिए कार्यों की समयबद्धता प्राथमिकता होनी चाहिए।



इसके साथ ही उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर भी जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें उचित प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नई तकनीकों का उपयोग कर कार्यों की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार किया जा सकता है। ट्रेनिंग के माध्यम से कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन के कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकें। उन्होंने आने वाले वर्ष में संभावित बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए पहले से तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया। बाढ़ से बचाव के लिए अगले वर्ष की कार्य योजना जन प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साथ मिलकर तैयार की जाए। योजना के तहत बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर, वहां तटबंधों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जानी चाहिए। बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया और मुख्यमंत्री को विभाग के चल रहे कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

## मुजफ्फरनगर में धार्मिक टिप्पणी मामला, 500 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**एजेंसी**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में सोशल मीडिया पर की गई धार्मिक टिप्पणी से नाराज मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोग कस्बा बुढ़ाना में बीती देर रात सड़क पर आ गए और आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर मुख्य मार्ग जाम कर दिया। हालांकि, पुलिस ने आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

एसएसपी अभिषेक सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के थाना बुढ़ाना में 19 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर विवादास्पद पोस्ट कर दी थी। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बुढ़ाना थाने में तहरीर दी थी। तहरीर मिलने के बाद व्यक्ति को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया था। परंतु



किसी ने यह अफवाह फैला दी कि आरोपी व्यक्ति को पुलिस ने छोड़ दिया है। इसके कारण पांच सौ से सात सौ लोग सड़क पर आ गए थे। उनको समझाकर वापस भेज दिया गया था। इस प्रकरण में उस व्यक्ति के विरुद्ध तो मुकदमा दर्ज किया ही गया है, परंतु रास्ता जाम करने वाली भीड़ ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है, इसके लिए उनके खिलाफ भी मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मीरापुर में उपचुनाव होना है, इसलिए यहां आदर्श आचार संहिता लागू है। वीडियो फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पांच सौ से सात सौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। आपत्तिजनक नारे लगाना और गैरकानूनी सभा करना और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी ने कहा कि किसी ने यह अफवाह फैला दी गई थी कि धार्मिक टिप्पणी करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने छोड़ दिया गया है। हम इस पर बहुत डिटेल में जांच कर रहे हैं। जिसने भी अफवाह फैलाई थी उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## नीतीश कुमार कब फिर पलटी मारेंगे कोई नहीं जानताः मीसा भारती

**एजेंसी**

**पटना।** नीतीश कुमार हमेशा सरकार बदलने को लेकर चर्चा में रहते हैं। उन्होंने दोहराया कि वह कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे और हमेशा एनडीए के साथ ही रहेंगे। इस बयान पर लोकसभा सांसद मीसा भारती ने रविवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने भागलपुर में सांप्रदायिक तनाव के साथ-साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के बयान पर भी राय रखी। मीसा भारती ने कहा, मैं कहना चाहती हूं कि एक बार गिरने से ही इंसान सीखता है। लेकिन वह दोबारा आए। जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा को भी नहीं पता कि नीतीश कुमार क्या करेंगे और कब करेंगे। नीतीश कुमार जो भी करते हैं, वो सिर्फ नीतीश कुमार ही जानते हैं, उनके इर्द-गिर्द कोई नहीं जानता, चाहे वो संजय झा ही क्यों न हों। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह की हिंदू स्वाभिमान यात्रा पर उन्होंने कहा,



हमें नहीं पता कि यह कौन सी यात्रा है लेकिन इस लोकतांत्रिक देश में यात्रा निकालने का अधिकार सभी को है। अगर यात्रा से कोई कारखाना खुलता है और रोजगार पैदा होता है तो मैं गिरिराज सिंह को सलाह देती हूं कि वे हमेशा यात्रा निकालें। यात्रा के ठीक एक दिन बाद भागलपुर में सांप्रदायिक लड़ाई पर उन्होंने कहा कि हमें इसकी जानकारी नहीं है लेकिन यह कानून व्यवस्था का मामला है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी सरकार को इस पर गौर करना चाहिए।

## कैप्टन अजय यादव ने कांग्रेस से इस्तीफा वापस लिया

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** तीन दिन पूर्व कांग्रेस से इस्तीफा देने की घोषणा करने वाले हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने शनिवार रात अपना इस्तीफा वापस लेते हुए कहा कि वह जन्म से कांग्रेसी हैं और अंतिम सांस तक कांग्रेसी रहेंगे।

कांग्रेस के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा नेता के बेटे चिरंजीव ने हाल में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में कॉंग्रेस के टिकट पर रेवाड़ी से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। दस साल बाद सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही कॉंग्रेस को 90-सदस्यीय विधानसभा में 37 सीटें ही मिल पाईं, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 48 सीटें जीतकर तीसरी बार सरकार बनाई। कैप्टन यादव ने तीन दिन पूर्व पार्टी में उपेक्षा की शिकायत करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता समेत सभी पदों से इस्तीफे की घोषणा की थी।

कल रात हालांकि उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि वह दुखी थे कि आला कमान ने ओबीसी विभाग के लिए किए उनके कार्य की कदर नहीं की और विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद बोले गए कड़वे शब्दों के कारण उन्होंने यह कदम उठाया लेकिन बाद में ठंडे मन से उन्होंने निर्णय किया कि वह कॉंग्रेस पार्टी और खासकर सोनिया गांधी के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि चिरंजीव ने उन्हें अतीत को भूल जाने के लिए मनाया। उन्होंने लिखा, मैं जन्म से कॉंग्रेसी हूँ और अंतिम सांस तक कॉंग्रेसी रहूँगा। कॉंग्रेस नेता ने पार्टी से अपने लंबे जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि वह 38 साल से पार्टी की सेवा कर रहे हैं और दिवंगत राजीव गांधी के साथ भी काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनका परिवार 1952 से नेहरू-गांधी परिवार से जुड़ा है।

## भारत और ओमान की नौसेना ने किया साझा समुद्री युद्धाभ्यास

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के समुद्री जहाज आईएनएस त्रिकंद और डोर्नियर समुद्री गश्ती विमान ने ओमान की रॉयल नेवी के साथ द्विपक्षीय नौसैनिक युद्धाभ्यास किया है। भारत-ओमान द्विपक्षीय नौसैनिक युद्धाभ्यास का नाम 'नसीम-अल-बह्र' है। रविवार को इस संदर्भ में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों देशों के बीच यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया गया था। भारत में गोवा के पास आयोजित इस समुद्री अभ्यास में सबसे पहले बंदरगाह चरण पूरा किया गया। इसके बाद दोनों देशों की नौसेनाओं ने आधुनिक हथियारों से लैस अपने समुद्री जहाजों पर समुद्री चरण को अंजाम दिया। बंदरगाह गतिविधियों के हिस्से के रूप में, दोनों नौसेनाओं ने पेशेवर बातचीत की। इसमें विषय वस्तु विशेषज्ञता का आदान-प्रदान और योजना सम्मेलन शामिल रहा इसके अलावा, खेल और सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। समुद्री चरण के दौरान जहाजों ने विभिन्न अभ्यास किए, जिनमें सतह के इन्फ्लैटेबल लक्ष्यों पर बंदूक फायरिंग,



नजदीकी दूरी की विमान-विरोधी फायरिंग व युद्धाभ्यास शामिल था। इस समुद्री अभ्यास के दौरान इंटीग्रल हेलीकॉप्टर आईएनएस त्रिकंद से संचालित होता था और ओमान की नौसेना के समुद्री जहाज अल सीब के साथ क्रॉस-डेक लैंडिंग करता था।इसके अतिरिक्त, भारतीय नौसेना के डोर्नियर विमान ने यहां मौजूद समुद्री जहाजों के साथ ओवर-द-होराइजन टारगेटिंग डेटा प्रदान किया। अंतर-संचालनीयता को और बढ़ाने के लिए भारतीय नौसेना सी राइडर्स एक दिन के लिए ओमान के जहाज पर रवाना हुए। इस अभ्यास ने अंतर-संचालनीयता को मजबूत करने और एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रथाओं की समझ बढ़ाने में मदद की। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह अभ्यास एक जबरदस्त सफलता रही। इसने अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने, आपसी समझ को बढ़ावा देने और भारतीय नौसेना और ओमान की रॉयल नेवी के बीच सामंजस्य को मजबूत करने के अपने उद्देश्यों को प्राप्त किया। यह अभ्यास हिंद महासागर क्षेत्र में समान विचारधारा वाले देशों के साथ रचनात्मक सहयोग और पारस्परिक विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। इसी महीने भारतीय नौसेना के दो समुद्री जहाज तीर व शार्दुल और भारतीय तटरक्षक जहाज वीरा ओमान की राजधानी मस्कट पहुंचे थे। लंबी दूरी की प्रशिक्षण तैनाती पर ये समुद्री जहाज मस्कट पहुंचे थे।

## दिल्ली में प्रदूषण को लेकर गंदी राजनीति कर रही भाजपाः सीएम आतिशी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** देश की राजधानी दिल्ली में प्रदूषण के मुद्दे पर एक बार फिर सियासी घमासान छिड़ चुका है। प्रदूषण के लिए भाजपा और आम आदमी पार्टी एक दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। इसी बीच, रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में वायु प्रदूषण और यमुना के पानी में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है, और इसके पीछे भारतीय जनता पार्टी की गंदी राजनीति का हाथ है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें सबसे अहम पराली जलाना है।उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में दिल्ली का प्रदूषण बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कारण पराली का जलना है। आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार की उपलब्धियों का हवाला देते हुए आतिशी ने कहा कि 2021 में पंजाब में पराली जलाने के 71,300 मामले थे, जो 2022 में 50 फीसदी तक कम हुए और 2023 में घटकर केवल 811 रह गए हैं। लेकिन, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार इस समस्या को हल करने में नाकाम रही हैं। आतिशी ने दावा किया कि हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में 23 प्रतिशत और यूपी में पराली जलाने की




घटनाओं में 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई। उन्होंने सवाल किया कि अगर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार पराली जलना रोक सकती है, कम कर सकती है तो हरियाणा और यूपी की भाजपा सरकार क्यों नहीं कर सकती? भाजपा सरकार दिल्ली वालों के साथ गंदी राजनीति कर रही है। आतिशी ने कहा कि आनंद विहार बस अड्डा प्रदूषण का एक मुख्य केंद्र बन गया है। दिल्ली की बसें सीएनजी और इलेक्ट्रिक हैं, जबकि उत्तर प्रदेश और हरियाणा से आने वाली सभी इंटर स्टेट बसें डीजल से चल रही हैं। दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कारण पड़ोसी राज्यों की डीजल बसें हैं।

## राम जानकी मंदिर की घटना पर भड़के गिरिराज सिंह, बोले - जरूरत पड़ी तो यात्रा रोक कर जाऊंगा भागलपुर

**एजेंसी**

**पूर्णिया।** केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह हिन्दुओं को एकजुट करने के लिए स्वाभिमान यात्रा निकाल रहे हैं। भागलपुर से शुरू हुई यह यात्रा पूर्णिया पहुंच चुकी है।

इस बीच, भागलपुर के सन्हौला बाजार स्थित राम जानकी मंदिर में मूर्तियों को क्षतिग्रस्त करने की घटना पर गिरिराज सिंह भड़क गए हैं। उन्होंने बिहार पुलिस को चेतावनी दी कि यदि जरूरत पड़ी तो वह अपनी यात्रा को स्थगित कर सन्हौला जाएंगे। दरअसल, इस घटना के विरोध में लोग सड़क पर उतर आए हैं। हालांकि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, सन्हौला बाजार के राम जानकी मंदिर में कुछ असामाजिक तत्वों ने मूर्तियों को नुकसान पहुंचाया, जिसके बाद स्थानीय निवासियों में



आक्रोश फैल गया। लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। हंगामा इतना बढ़ गया कि इलाके की सड़कें जाम हो गईं, जिससे यातायात प्रभावित हुआ।

इस पूरे मामले पर जब गिरिराज सिंह से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा, यह आज सुबह की घटना है। 18 अक्टूबर को हम भागलपुर में थे। सोची-समझी साजिश के तहत यह हमला किया गया है। अगर आरोपी विक्षिप्त है तो वह मस्जिद में हमला करने क्यों नहीं गया। वीडियो फुटेज में तीन आदमी दिखाई दे रहे हैं। इसके पीछे कांग्रेस और राजद का हाथ है। वे दंगा कराना चाहते हैं। मैं प्रशासन से कहना चाहता हूं कि जो असली आरोपी है, अगर उसे नहीं पकड़ा गया तो मैं अपनी यात्रा स्थगित कर सन्हौला जाऊंगा। इस घटना को लेकर भागलपुर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने शांति समिति एवं गणमान्य व्यक्तियों के सदस्यों के साथ बैठक की और फ्लैग मार्च निकाला। भागलपुर पुलिस ने लोगों से भ्रामक खबर और अफवाह न फैलाने की अपील करते हुए कहा है कि ऐसा करने पर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## उड़ी सेक्टर के कमलकोट में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकी ढेर

**बारामुला।** बारामुला जिले के उड़ी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की बड़ी कोशिश को नाकाम कर करते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया है। एक शीर्ष पुलिस



अधिकारी ने बताया कि सुरक्षाबलों के जवानों ने उड़ी सेक्टर के कमलकोट इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठिये आतंकियों को चुनौती दी। इसके बाद आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया है। अभी ऑपरेशन जारी है और सुरक्षाबल के जवान इलाके में दूसरे आतंकियों के छिपे होने की आशंका में तलाशी अभियान चला रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री मांडविया आज ई-श्रम वन स्टॉप सॉल्यूशन की करेंगे शुरुआत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया सोमवार को ई-श्रम वन स्टॉप सॉल्यूशन पहल की शुरुआत करेंगे। बजट घोषणा के अनुरूप इस पहल जानकारी को एक ही मंच के माध्यम से प्रभावी तरीके से एकीकृत करना है। वन-स्टॉप-सॉल्यूशन के रूप में ई-श्रम असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं की पहचान और




से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की एक ही स्थान पर विभिन्न सामाजिक योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी।

एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार ई-श्रम वन स्टॉप समाधान पहल से असंगठित मजदूरों को उनके लिए बनी विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रम के बारे में जानकारी मिलेगी। इसका उद्देश्य असंगठित श्रमिकों के लिए सभी सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजनाओं की कार्यान्वयन को सुविधाजनक बनाने और योजनाओं को तेज़ और प्रभावी तरीके से लागू करने में मदद करेगा। नतीजतन, विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों की 12 योजनाओं को पहले ही ई-श्रम के साथ एकीकृत/मैप किया गया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 2021 के अगस्त में ई-श्रम पोर्टल लॉन्च किया गया था। उपलब्धि के तौर पर अब तक असंगठित क्षेत्र के 30 करोड़ कामगार इससे जुड़ चुकेहैं।

# डॉ. अभिषेक शुक्ला के जन्मदिवस को कार्यकर्ताओं ने उत्साह से मनाया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



मेहगांव । मेहगांव विधायक एवं केबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला के सुपुत्र डॉ अभिषेक शुक्ला के जन्मदिवस को कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत के साथ उत्साह से मनाया। इस दौरान डॉ अभिषेक शुक्ला ने भी अपने जन्मदिवस को अपने क्षेत्र की जनता और हर समय कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने वाले कार्यकर्ताओं के लिये समर्पित किया। इस दौरान अभिषेक शुक्ला ने सुबह ग्वालियर स्थित निज निवास से अपने क्षेत्र के लिये रवाना हो गए, वहीं ग्वालियर के मंशापूर्ण हनुमान जी के दर्शन के पश्चात गोले के मंदिर से उनके क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत, और केक कटने के सिलसिला प्रारंभ हुआ जो दोपहर तक ग्वालियर से मालनपुर,गोहद और मेहगांव तक आधा सैंकड़ा से भी अधिक स्थानों और प्रतिष्ठानों पर उनके जन्मदिन को उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं मेहगांव विधानसभा क्षेत्र में दिन भर कार्यकर्ताओं से मुलाकात के पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल और अपने पिता मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला की प्रेरणा से वनखंडेश्वर महादेव पर एक पे? माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। ततपश्चात दंदरौआ सरकार के दर्शन ओर महाराज जी से आशीर्वाद के पश्चात ग्वालियर अपने शुभ चिंतकों से मुलाकात के लिये प्रस्थान किया।

### जनसुनवाई में सुनी 81 आवेदकों की समस्याएं

# अधिकारियों को दिये निराकरण करने के निर्देश



**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 22 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 81 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर आए थे।जनसुनवाई में गोपालपुरा बेड़ी के राजेन्द्र माहेश्वरी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आये थे। उनका कहना था कि पक्का मकान नहीं होने के कारण उन्हें बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। उसका नाम प्रधानमंत्री आवास सूची में दर्ज है। अतः उसे इस योजना का लाभ शीघ्रता से दिलाया जाए। कसरावद तहसील के ग्राम लोहारी के निवासी गुलाबसिंह भिलाला एवं बमनाला की गुणवंती राठौड़ भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग लेकर आये थे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोराड़िया से सेवानिवृत्त हुए सहायक गेड-3 राजेन्द्र कुमार गुप्ता शिकायत लेकर आये थे कि उनकी सेवानिवृत्ति के 07 माह होने के बाद भी अब तक उन्हें समयमान एरियर एवं डीए एरियर की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। धोकपुरा बोहराबाखल का मांगीलाल नागराज अपने छोटे पुत्र के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर आया था। मांगीलाल का कहना था कि वह बहुत गरीब है, उसके छोटे पुत्र लोकेश के सारे दात खराब हो गए हैं और जबड़े में गठान भी हो गई है। इसके ऑपरेशन पर 50 से 60 हजार रुपये का खर्चा बताया गया है। मांगीलाल की समस्या सुनने के बाद अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लोकेश का निःशुल्क उपचार कराने के निर्देश दिए

### चांद को देखू,हाथ मैं जोडूं, करवाचौथ का व्रत में तोडूं

# बेंगलूरू में भारी बारिश के कारण सुहागिंनों ने करवा चौथ चांद राजस्थान में विडियो कॉल से देखा



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलूरू- मागड़ी रोड तोलगेट में करवा चौथ पर सुहागिंन महिलाओं ने चौथ माता की पूजा कर अंखड सौभाग्य की कामना की। पति की लम्बी उम्र व सुख समृद्धि मांगी , निराहार रहकर की पूजा ओर कथा सुनी, रात को बेंगलूरू में भारी बारिश के कारण महिलाओं ने राजस्थान विडियो काल करके चांद देखने के बाद व्रत खोला। वाहिनी पाइप्स माधुराम मुलेवा ने बताया कि सुकतंकट्टे में महिलाओं ने अपने पति की उम्र व पति को स्वस्थ रखने की भगवान से कामना को लेकर सुहागिंन महिलाओं ने चौथ माता का व्रत रखा। निर्जला व्रत कर जो सुबह से लेकर शाम तक पूजा पाठ किया। उसके बाद सुबह सूर्योदय से पहले रात को चन्द्रमा को देखकर चांद दर्शन कर फिर अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना की फिर जल चढ़ाकर के व्रत खोला।

# पत्रकारों की एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत- वरिष्ठ पत्रकार रघुवर गोहिया

### भारतीय पत्रकार संघ का ज़िला स्तरीय पत्रकार सम्मेलन संपन्न










सीहोर/भैरूंदा। गत दिवस भैरूंदा स्थित सुदामा पैलेस गार्डन में भारतीय पत्रकार संघ का प्रथम जिला स्तरीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार श्री रघुवर दयाल गोहिया मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित थे। अध्यक्षता भैरूंदा के वरिष्ठ पत्रकार श्री राजेश अग्रवाल ने की। विशेष अतिथि वरिष्ठ पत्रकार श्री रामकृष्ण सोनी थे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री रघुवर दयाल गोहिया ने वर्तमान समय में पत्रकारों की भूमिका और बदलते दौर को लेकर सारगर्भित चर्चा की। उन्होंने पत्रकारों की एकता पर जोर देते हुए कहा कि यदि हमें अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा करना है तो एकजुट होना प?ेगा। श्री गोहिया ने प्रिंट मीडिया से लेकर इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया की यात्रा तथा उसकी चुनौतियों पर भी सार्थक चर्चा की।इस अवसर उन्होंने सुझाव दिया कि यदि स्थानीय पत्रकार साथी चाहेंगे तो वह मध्यप्रदेश के जनसंपर्क विभाग, माधव राव सप्रे संग्रहालय और माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सहयोग से दो दिवसीय पत्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है। इस दिशा में उन्होंने पहल करने को तत्पर रहने की बात भी कही।उन्होंने भारतीय पत्रकार संघ के उद्देश्य, कार्य और संगठन के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। श्री गोहिया ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विक्रम सेन और मध्यप्रदेश के अध्यक्ष श्री किशोर कुमार दग्दीजी के नेतृत्व में भारतीय पत्रकार संघ सबसे ब?ा संगठन बनकर उभरा है।अंत में उन्होंने भारतीय पत्रकार संघ के इस प्रथम जिला स्तरीय सम्मेलन के आयोजनकर्ता और नव नियुक्त जिला अध्यक्ष श्री रिक्की अग्रवाल को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर श्री राजेश अग्रवाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह के प्रारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इसके बाद उपस्थित जनों ने अतिथियों का पुष्माला पहनाकर स्वागत किया।कार्यक्रम में सभी पत्रकार साथियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।कार्यक्रम में पत्रकार साथी प्रेम राय, सुश्री रजनी राय सीहोर, खाम सिंह परमार, चंदर बागवान लाड़कुई, चांद मियां, आनंद अग्रवाल आदि सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।इस अवसर पर श्री रघुवर दयाल गोहिया द्वारा की जा रही पत्रकारिता के क्षेत्र की गई दीर्घ सेवाओं के लिए उन्हें शॉल, श्रीफल, पुष्पमाला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर लाइफ अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही श्री राजेश अग्रवाल, श्री राजेश अग्रवाल, श्री रामचरण अग्रवाल तथा श्री रिक्की अग्रवाल तथा श्री लक्ष्मीनारायण अग्रवाल को भी शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ पत्रकार डॉ. पुष्पा शर्मा ने किया।अंत में भारतीय पत्रकार संघ के अध्यक्ष रिक्की अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया।

# ज्ञापन देने आने से एक दिवस पूर्व अनुमति लेना जरूरी

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

शासकीय अधिकारी व कर्मचारी बिना अनुमति ज्ञापन देने आते हैं तो कटेगा वेतनजिला मुख्यालय पर समय-समय बिना अनुमति के ज्ञापन देने आने पर अव्यवस्था एवं कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है। इसको देखते हुए अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर ने निर्देश दिए हैं कि जो भी आमजन ज्ञापन देना चाहते हैं वह कम से कम 01 दिवस पूर्व ज्ञापन देने की सूचना अवश्य दें। इसी प्रकार यदि शासकीय अधिकारी/कर्मचारी संगठन बिना अनुमति लिए ज्ञापन देने आते हैं तो उनका एक दिवस का वेतन काटकर दंडित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय मंसूरी समाज के बैनर तले मुस्लिम समाज का शादी सम्मेलन सत्ताईस कोमुख्य अतिथि होंगे अहमद मंसूरी

**पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**
**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**

ललितपुर। आगामी 27 अक्टूबर को होने वाले शादी सम्मेलन में 17 जोड़ों का निकाह सम्पन्न होगा। इस सम्मेलन में कमेटी की ओर से दो निकाह निशुल्क कराये जा रहे हैं। जिनसे कोई भी पैसा नहीं लिया गया है क्योंकि या तो उन परिवारों में उनके सर से उनके माता-पिता का साया उठ गया है या फिर उनकी स्थिति शादी करने लायक नहीं थी, जिसको देखते हुए राष्ट्रीय मंसूरी समाज की शादी सम्मेलन कमेटी ने यह निर्णय लिया कि उनकी शादी का जुम्मा कमेटी अपने पास से उठायेगी। बाबा सदन शाह के विशाल परिसर में होने वाले इस शादी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय मंसूरी समाज प्रदेश अध्यक्ष अहमद मंसूरी एवं प्रदेश अध्यक्ष अपना दल (एस) अल्पसंख्यक मंच होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मंसूरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूनुस मंसूरी राजस्थान से तशरीफ ला रहे हैं। वहीं अन्य विशिष्ट अतिथि अशोकनगर पूर्व अंजुमन सदर अलीम मंसूरी और प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीब बबेले सप्पू होंगे। इसके अलावा भी शहर के तमाम जिम्मेदार व्यक्ति सम्मेलन में भाग लेंगे। सदन शाह ग्राउण्ड में होने वाले शादी सम्मेलन की तैयारी पिछले साल ही शुरू हो गई थी, जब पहला सम्मेलन 29 अक्टूबर 2023 में हुआ था जो पूरी तरह से कामयाब रहा था। उसी दिन 27 अक्टूबर 2024 के सम्मेलन की तारीख तय कर दी गई थी। वही इस बार सदनशाह ग्राउंड में होने वाले शादी सम्मेलन में 17 निकाह पढ़ाऐ जाएंगे। ललितपुर एवं ललितपुर जिले के आसपास के जिलों के जोड़ों के भी निकाह होंगे। राष्ट्रीय मंसूरी समाज के बैनर तले होने वाला यह शादी सम्मेलन जिसमें दो गरीब बेटियों का निकाह कमेटी की तरफ से किया जा रहा है और उन्हें उपहार स्वरूप गृहस्थी का सामान भी दिया जाएगा। यह पूरी जानकारी सम्मेलन प्रभारी हमीद मंसूरी ने दी

# संगत संस्था द्वारा प्रेजेंस प्रोजेक्ट का ग्वालियर के होटल क्लर्क क्लास इन में शुभारंभ किया गया

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**



ग्वालियर। विगत दिनों ग्वालियर में संगत संस्था द्वारा प्रजेंन्स प्रोजेक्ट का ग्वालियर कि होटल क्लार्क्स इन में शुभारंभ किया गया। संगत संस्था लगभग 27 वर्षों के लोगों के मानसिक स्वस्थ्य पर काम कर रही है। प्रजेंन्स प्रोजक्ट किशोरों पर केन्द्रित है।संगत संस्था प्रजेंस प्रोजेक्ट को ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना के स्कूलों में संचालित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यतः केन्द्रिय विद्यालय, शासकीय एवं निजी विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहे। सभी प्रचार्यों द्वारा प्रोग्राम की सराहना की गई एवं कार्यक्रम को और किस प्रकार बेहतर बनाया जाये इस हेतु अपने अपने सुझाव भी दिये।संगत संस्था के प्रमुख डॉ. रविन्द्र अग्रवाल गोआ, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर कु. किम्बरलिन गोआ, स्टेट इम्पलीमेंटेशन कॉर्डिनेटर योगिता तिवारी भोपाल एवं जिला प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर श्री बी. के. त्रिपाठी ग्वालियर से उपस्थित रहे।यह प्रोग्राम से जुडी गतिविधियां तीनों जिलों में नवम्बर माह से प्रारंभ करने हेतु संस्था प्रमुख की योजना है।जो भिंड मुरैना ग्वालियर के सभी विद्यालयों में संचालित की जाएगी

# खरगोन पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले मामले मे आरोपियों को किया गिरफ्तार

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**माह फरवरी 2024 मे हत्या के प्रयास की घटना को दिया था अंजाम**

**थाना क्षेत्र बिस्टान मे अज्ञात 02 व्यक्तियों ने सरेराह दिनदहाड़े मजरूह को गोली मारकर हुए थे फरार**

**मजरूह की आने जाने के मार्ग की रैकी कर योजनाबद्ध तरीके से दिया था घटना को अंजाम**

**मामले मे गोली मारने 02 आरोपी पूर्व से डैकती के अपराध मे जेल मे है निरुद्ध**

**घटना की योजना बनाने वाले अन्य 02 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर किया मामले का खुलासा**

**आपसी रंजिश के चलते बनाया था गोली मारने का प्लान**

**हर पहलू पर की गई जांच पुलिस के अथक प्रयास से हुआ मामले का खुलासा**

**घटना का संक्षिप्त विवरण**-दिनांक 07.02.2024 को पुलिस थाना बिस्टान पर सूचना प्राप्त हुई थी कि, पंढरी जो रोज की तरह अपनी पत्नि को स्कुल छोड़ने के लिये मोटर सायकल से लोनारा जाता था स्कुल छोड़कर वापस आते समय दामखेड़ा रोड़ खड़कियाघाट व गिट्टी मशीन के एक नीले रंग की मोटरसाइकल पर मुँह पर कपड़ा बांध फरियादी पंढरी के पीछे से आए 02 व्यक्तियों मे से पीछे बैठे व्यक्ति ने आचनक गोली मारी जो की फरियादी को कमर मे लगी, जिससे फरियादी पंढरी जमीन पर गिर गया और वो दूसरी गोली मरने ही वाला था तभी अचानक बिस्टान तरफ से एक मोटरसायकल वाला आया तो उसे देखकर दोनो व्यक्ति अपनी मोटरसायकल लेकर बिस्टान तरफ भाग गये फरियादी को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया व थाना बिस्टान पर अपराध क्रमांक 29/2024 धारा-307,34 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था । घटना को गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के निर्देशन व अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहर सिंह बारीया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगांव श्री राकेश आर्य के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बिस्टान निरीक्षक इलापसिंह मुजाल्दे के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया जाकर हत्या के प्रयास के अज्ञात आरोपियों को शीघ्र से शीघ्र गिरडूतारी कर प्रकरण का खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया था ।

घटना दिनांक से ही पुलिस टीम के द्वारा आने जाने वाले सभी संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेज देखे गए जिसमे पुलिस टीम को एक नीले रंग की प्लसर मोटरसाइकल जिसपर फरियादी और राहगीरों के बताए हुलिये के व्यक्ति दिखाई दिए । पुलिस टीम के द्वारा मजरूह पंढरी और क्षेत्र मे उससे रंजिश रखने वाले व्यक्तियों की भी जानकारी निकली गई जिसमे पुलिस टीम को जानकारी मिली की फरियादी पंढरी को क्षेत्र मे काफी लोग जानते है क्युकी इसने कई लोगों की अलग अलग विभागों मे शिकायत की हुई है जिससे की क्षेत्र मे कई लोग मजरूह पंढरी से आपसी रंजिश रखते है हो न हो इसी के चलते फरियादी को इसी के चलते किसी ने गोली मारी है । पुलिस ने हर संभावित पहलुओ की बारीकी से जांच की व कई संदेहियों से इस घटना के संबंध मे पूछताछ भी की गई परंतु कोई सफलता प्राप्त नहीं हो रही थी । गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिरों को भी इस मामले की जानकारी निकालने के लिए लगाया गया था परिणामस्वरूप पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, घटना दिनांक के कुछ दिन पूर्व मजरूह पंढरी ने ग्राम दवाटिया जिला बुरहानपुर के निलेश और मोंटी उर्फ दुलारचंद के द्वारा ग्राम पंचायत दवाटिया मे चल रहे कार्य को लेकर उसकी और मोंटी उर्फ दुलारचंद की शिकायत की थी । जिससे निलेश और मोंटी व मजरूह पंढरी की आपसी रंजिश बड़ गई थी एवं मोंटी काम करने के दौरान ग्राम वसाली जिला बुरहानपुर का प्रेम नाम का व्यक्ति के संपर्क मे आया जिसके पास सीसीटीव्ही फुटेज मे दिख रही नीले रंग की प्लसर मोटरसाइकल भी है ।प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा तत्काल निलेश पिता नजरसिंह जमरा भीलाला निवासी ग्राम दवाटिया थाना निम्बोला जिला-बुरहानपुर को पकड़ा गया व बारीकी से मानोवैज्ञानिक तरीके से हर पहलू पर पूछताछ की गई । जिसमे उसने उक्त घटना को मोंटी जो प्रेम और रविन के गाँव मे ही रहता था उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया । पुलिस टीम के द्वारा निलेश से प्राप्त जानकारी के आधार पर मोंटी उर्फ दुलारचंद पिता नारायण महोता निवासी झांरखण्ड को भी पकड़ा गया ।मजरूह पर गोली चलाने व मोटरसाइकल चलाने वाले आरोपी प्रेम पिता टेटिया भील निवासी ग्राम वसाली थाना निम्बोला जिला-बुरहानपुर एवं रविन पिता चम्पालाल बारेला निवासी ग्राम वसाली थाना निम्बोला जिला-बुरहानपुर की जानकारी निकालने पर वे दोनों पूर्व से थाना चैनपुर के डैकैती के अपराध मे जेल मे निरुद्ध होना जिनकी इस प्रकरण मे फॉर्मल गिरडूतारी ली जाकर माननीय न्यायालय से पुलिस रिमान्ड प्राप्त किया जाकर घटना में उपयोग की गई मोटरसायकल एवं देशी कट्टा बरामद किया जायेगा ।

**आरोपी का नाम**

1.निलेश पिता नजरसिंह जमरा भीलाला निवासी ग्राम दवाटिया थाना निम्बोला जिला-बुरहानपुर

2.मोंटी उर्फ दुलारचंद पिता नारायण महोता निवासी झांरखण्ड

3.प्रेम पिता टेटिया भील निवासी ग्राम वसाली थाना निम्बोला जिला-बुरहानपुर

4.रविन पिता चम्पालाल बारेला निवासी ग्राम वसाली थाना निम्बोला जिला-बुरहानपुर

**पुलिस टीम**-उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगांव श्री राकेश आर्ड़ के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी बिस्टान इलापसिंह मुजाल्दे के नेतृत्व मे उनि रामजीलाल डुडवे, प्र.आर.101 सतीशसिंह कुशवाह, आर.703 अनिल, आर.304 राहुल, आर मुद्दसर व अभिलाष डोंगरे का विशेष योगदान रहा ।

# धर्म ध्वजा को लहराने 10 माह से चल रहा युवाओं का हनुमत सेवा अभियान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। सनातन धर्म का प्रकाश देशभर में चहुंओर जगमगा रहा है,जिसमें देश का भविष्य कहे जाने वाले युवाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। श्रीमानसपीठ खजुरीताल धाम मैहर के पीठाधीश्वर जगद्गुरू स्वामी श्रीरामललाचार्य जी महाराज के मार्गदर्शन में सामाजिक दायित्व के लिए संकल्पित संगठन युवा एकता परिषद के युवाओं द्वारा %हनुमत सेवा अभियान% वर्ष 2024 के प्रथम मंगलवार 2 जनवरी को रीवा जिले के परमहंस आश्रम हनुमान ग?ी बक्क्षेरा अमिलिया से प्रारंभ किया गया था, जो लगातार जारी है। आज %हनुमत सेवा अभियान% के 43वें अवसर पर युवाओं द्वारा पवन पुत्र हनुमान,रानी तालाब भैरव बाबा मंदिर में सेवा कार्य किया गया। जहाँ पहुँचकर युवाओं की टीम ने सर्वप्रथम मंदिर की साफ सफाई की, इसके बाद संगीतमयी सुंदरकांड पाठ प्रारंभ हुआ। इस दौरान हनुमंतलाल को दूध,दही,शहद,हल्दी घोल,गंगाजल एवं जल से स्नान कराया गया। तदुपरांत सिंदूर अर्पित करते हुए चोला व ध्वजा अर्पित किया गया। इस दौरान हनुमंतलाल का भव्य श्रृंगार किया गया



जिसकी शोभा देख हर कोई हनुमंतलाल का अद्भुत दर्शन पाकर मंत्रमुग्ध हो गया। साथ ही पुष्पहार,फूल,फल,पंचामृत, पंचमेवा,मिष्ठान्न के साथ साथ हनुमंतलाल के प्रिय भोग गुड़ चना का भोग चढ़ाया गया। आखिरी में हनुमान चालीसा,प्रभु श्रीराम की आरती व हनुमंतलाल की आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

हनुमत सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य आज के युवाओं को सनातन धर्म से जोड़कर रखना व कलयुग के देवता हनुमान जी के ऐसे सभी मंदिरों की प्रमुखता से साफ



सफाई,देखरेख व जीर्णोद्धार करना है, जिन स्थापित प्रतिमाओं एवं मंदिरों का संचालन उत्कृष्ठ तरीके से नहीं हो पा रहा है। पिछले 9 माह से लगातार यह हनुमत सेवा अभियान युवा एकता परिषद के मुखिया हनुमत सेवक पंडित सचिन शर्मा सूर्या के कुशल नेतृत्व में चलाया जा रहा है। युवा टीम द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य की हर ओर सराहना हो रही है,कहा जाए तो निश्चित तौर पर यह युवाओं की अनुकरणीय पहल साबित हो रही है जिसमें युवा पीढ़ी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। समाज के वरिष्ठ भी इस युवा टोली की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। युवा एकता परिषद के मुखिया पंडित सचिन शर्मा सूर्या ने बताया की हनुमत सेवा अभियान युवाओं को सनातन धर्म से जोड़ने का एक ऐसा प्रयास है जिसका उद्देश्य मंदिरों का रख रखाव करते हुए व साफ स्वच्छ धार्मिक वातावरण स्थापित करना है।

हनुमत सेवा अभियान के आज के कार्यक्रम संयोजक अमर पासी ने बताया की युवाओं की अनोखी सोच से प्रेरित हनुमत सेवा अभियान एक विशिष्ट पहल है,जिसका उद्देश्य जनसेवा के साथ ही धार्मिक मूल्यों का प्रचार प्रसार करना है। इस अभियान के तहत युवा विभिन्न सेवा कार्यों एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं,जो न केवल सामाजिक बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है।

उल्लेखनीय है की यह अभियान युवाओं की धर्म के प्रति समर्पित सोच व सामाजिक दायित्व को बढ़ावा देने का बेहतरीन उदाहरण है, जो आने वाली पीढ़ियों को धार्मिक और सामाजिक मूल्यों के प्रति प्रेरित करने का कार्य करेगा। ऐसी पहल दर्शाती है कि आज का युवा समाजसेवा और धार्मिक परंपराओं को सशक्त करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा एकता परिषद के मार्गदर्शक नरेन्द्र द्विवेदी दादू,परिषद के मुखिया हनुमत सेवक पंडित सचिन शर्मा सूर्या,कार्यक्रम संयोजक अमर पासी,युवा सरपंच शनि समदरिया,निखिल शुक्ला,रवी सोंधिया,मोहित तिवारी,शिवम समदरिया,राजीव वर्मा,सतेन्द्र तिवारी सनातनी,अमन द्विवेदी,सावन पासी,अंकित द्विवेदी,रोहित सेन समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रदूषण मुक्त आतिशबाजी एवं भारतीय दीपको से मनायेगा धर्म परिवार अपना दीपोत्सव

**ली शपथ चाइनीज उत्पादो का किया जायेगा बहिष्कार**



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। हिन्दू उत्सव समिति ''धर्मपरिवार'' द्वारा इस वर्ष भी आयोजित होने वाले सार्वजनिक दीपोत्सव 2024 में प्रदूषण मुक्त आतिशबाजी का उपयोग करेगा जिसमें आने वाले सभी अतिथियों एवं कालाकारो से भारत में निर्मित आतिशबाजी सामग्री को लाने एवं सामूहिक प्रदर्शन में भाग लेकर खुशी प्रदर्शित की जायेगी। साथ ही इस बार भी क्षेत्रीय कुम्हारो द्वारा निर्मित दीपको के साथ दीपदान कराया जायेगा। इसके लिये धर्मपरिवार के सभी सदस्यों ने मिलकर शपथ ली कि चाइनीज उत्पादो का पूरी तरह से बहिष्कार किया जायेगा तथा जन-जन तक इस बात का प्रचार-प्रसार कर आम लोगो को जागरूक किया जायेगा। मीडिया द्वारा चलाये जा रहे है ऐसे अभियान को समर्थन देते हुये पूरा सहयोग देने का वादा किया है आज धर्मपरिवार के संस्थापक आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी संरक्षक सुनील अग्रवाल अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू सहित सभी पदाधिकारियो सदस्यो ने बैठक आयोजित कर कार्यालय में सामूहिक शपथ में भाग लिया।धर्म परिवार के महासचिव सुरेश विश्नोई, सांस्कृतिक सचिव राजीव वर्मा गुड्डू, कोषाध्यक्ष प्रकाश तोमर, युवा संरक्षक संजय तिवारी, मुन्नू संयोजक रामकृष्ण अग्रवाल युवा अध्यक्ष सुमित माँजवानी, उपाध्यक्ष राजेश साहू, महासचिव अंशुमान गुप्ता, महिला शाखा संरक्षक संतोषी गुप्ता, नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा एड0, उपाध्यक्ष राकेश आसवानी राकी, मनीष साहू, कार्यकारी सदस्य जगन्नाथ साहू, प्रभात कुशवाहा, विशाल कुशवाहा, मनीष नामदेव आदि ने बैठक में भाग लेकर शपथ ली और इस जन अभियान में जुढने की सहमति प्रदान की।

**नारायण डिगवानी**
**आजीवन संरक्षक**
**हिन्दू उत्सव समिति जिला रीवा म0प्र0**

## मुख्यमंत्री आज करेंगे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का रीवा में शुभारंभ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 23 अक्टूबर को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 23 अक्टूबर को प्रातः 8.50 बजे भोपाल से वायुयान प्रस्थान कर सुबह 9.40 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेगे। मुख्यमंत्री प्रातः 10 बजे श्री कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम पहुंचकर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन समारोह के बाद मुख्यमंत्री विन्ध्य क्षेत्र में निवेश प्रस्तावों के संबंध में उद्योगपतियों से वन टू वन चर्चा करेंगे। कार्यक्रम के समापन के बाद मुख्यमंत्री शाम 6 बजे एयरपोर्ट रीवा से वायुयान से प्रस्थान कर शाम 6.50 बजे एयरपोर्ट भोपाल पहुंचेगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री एवं रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल भी मुख्यमंत्री जी के साथ भोपाल से रीवा आकर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में शामिल होंगे।



## मध्यप्रदेश के उत्तर–पूर्वी क्षेत्र में औद्योगिक विकास का नया केंद्र बना रीवा संभाग

रीवा। रीवा संभाग, जो मध्य प्रदेश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में स्थित है, आज तेजी से एक उभरते औद्योगिक केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। अपनी सांस्कृतिक धरोहर, प्राचीनता, प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता और खनिज भंडारों के साथ यह क्षेत्र निवेशकों के लिए अनगिनत अवसर प्रस्तुत करता है। यहां न सिर्फ औद्योगिक विकास के लिए मजबूत आधारभूत संरचना तैयार की गई है, बल्कि इसके पर्यटन और ऐतिहासिक महत्व ने भी इसे और अधिक आकर्षक बना दिया है।रीवा संभाग के औद्योगिक क्षेत्र - चोरहटा, गुड  बाईपास, और त्योथर जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इन क्षेत्रों में निर्माण सामग्री, कृषि आधारित उद्योग, धातु उद्योग, और खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्योग प्रमुखता से उभर रहे हैं। रीवा का हवाई संपर्क जुड़ने के बाद इन क्षेत्रों में व्यापारिक गतिविधियों की रफ्तार और भी बढ़ गई है, जिससे निवेशकों को माल की ढुलाई और उत्पादों की आपूर्ति में आसानी हो रही है।सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर - रीवा संभाग का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व इसे पर्यटन के नजरिए से भी महत्वपूर्ण बनाता है। यहां स्थित रीवा किला, गोविंदगढ़ का किला, और मुक्ति धाम जैसे स्थान न केवल ऐतिहासिक धरोहर हैं, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, रीवा के साथ जुड़ी बघेलखण्ड की संस्कृति ने भी इस क्षेत्र को एक विशिष्ट पहचान दी है।खनिज और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता - रीवा संभाग खनिज संसाधनों से समृद्ध है। यहां प्रचुर मात्रा में चूना पत्थर, डोलोमाइट, और बॉक्साइट जैसे खनिज पाए जाते हैं, जो औद्योगिक गतिविधियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन खनिज संसाधनों का दोहन स्थानीय उद्योगों को कच्चा माल उपलब्ध कराता है, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बल मिलता है।पर्यटन और पौराणिक महत्व - रीवा संभाग अपने प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटक स्थलों के लिए भी प्रसिद्ध है। केऊटी जलप्रपात, चित्रकूट और सिद्ध बाबा जैसे स्थानों का पर्यटन महत्व है, जो न सिर्फ स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाते हैं बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, इस क्षेत्र की धार्मिक धरोहर भी पर्यटन को बड़ावा देती है।राष्ट्रीय राजमार्गों और मजबूत कनेक्टिविटी का लाभ - रीवा संभाग से कई प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच 30, एनएच 75 और एनएच 39) गुजरते हैं, जो इसे अन्य राज्यों से जोड़ते हैं और व्यापारिक गतिविधियों को आसान बनाते हैं। इन राजमार्गों के साथ ही अब हवाई संपर्क भी उपलब्ध है, जिससे माल की तेज और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित होती है। रीवा की उत्तर प्रदेश, छत्तीसगड़ और बिहार से निकटता इसे एक लॉजिस्टिक हब के रूप में उभरने का अवसर प्रदान करती है, जिससे निवेशकों के लिए व्यापारिक गतिविधियां सरल हो जाती हैं।मजबूत आधारभूत संरचना और सरकारी प्रोत्साहन - रीवा संभाग में उद्योगों को स्थापित करने के लिए मजबूत आधारभूत संरचना तैयार की गई है, जिसमें सस्ती औद्योगिक भूमि, बिजली और जल की बेहतर उपलब्धता शामिल है। सरकार की कर छूट, सस्ती दरों पर भूमि और प्रोत्साहन योजनाएं निवेशकों को इस क्षेत्र में निवेश करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। रीवा संभाग, अपनी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और औद्योगिक धरोहर के साथ, मध्य प्रदेश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र का तेजी से उभरता हुआ औद्योगिक केंद्र बन रहा है। हवाई और सड़क संपर्क, प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता, और सरकार की नीतियां इसे निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाती हैं। आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बन सकता है, जिससे स्थानीय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को नया बल मिलेगा।

## उप मुख्यमंत्री ने रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा लिया



रीवा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने 23 अक्टूबर को कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में आयोजित हो रहे रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक करके कॉन्क्लेव के लिए की जा रही तैयारियों की बिन्दुवार चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव विन्ध्य को औद्योगिक विकास का नया क्षितिज देगा। विन्ध्य में विकास की अपार संभावनाएं हैं। यहाँ निवेश करने के लिए कई बड़े उद्योगपतियों ने रूचि दिखाई है। विन्ध्य में कई सुंदर जल प्रपात, धार्मिक स्थल, टाइगर रिजर्व तथा अन्य प्राकृतिक स्थल हैं। रेल मार्ग, फोरलेन सड़कों तथा रीवा एयरपोर्ट के माध्यम से हवाई सेवा की सुविधा हो जाने से पर्यटन उद्योग में तेजी से विकास होगा। इसके माध्यम से हजारों लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। इसी तरह कृषि पर आधारित उद्योगों तथा नवकरणीय ऊर्जा में भी निवेश की अच्छी संभावनाएं हैं। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से इन संभावनाओं को मूर्त रूप देने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री जी ने विन्ध्य के औद्योगिक विकास को विशेष महत्व देते हुए रीवा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन कराया है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए हम सब मिलकर प्रयास करें। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया की व्यवस्था, उद्योगपतियों के साथ संवाद की व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर प्रबंध संचालक एमपीआईडीसी चन्द्रमौलि शुक्ला, कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सो रही महिला से छेड़छाड़, मारपीट

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट ललितपुर पुष्पांजलि टुडे**

ललितपुर। थाना बानपुर अंतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 अक्टूबर को जब वह घर में अकेली थी और खाना खाकर सो रही थी। तभी रात करीब 11 बजे गांव में रहने वाला सत्येन्द्र पुत्र रामपाल सिंह ठाकुर घर के पीछे की दीवाल फांदकर उसके घर में घुस आया और उसका हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर गालियां देते हुये लात-घूसों से मारपीट कर दी और किसी से कहने पर जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल होने पर वह पीछे की दीवाल फांदकर भाग गया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर सत्येन्द्र सिंह ठाकुर के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 333, 115 (2), 352, 351 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## ड्यूटी जा रहे युवक से मारपीट, बाइक जलायी

**पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**
**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**

ललितपुर। बुढ़वार रोड स्थित आसरा कालोनी में रहने वाले राजन पुत्र स्व.रामप्रसाद बाल्मीकि ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 अक्टूबर की अपराह्न 3 बजे वह ड्यूटी जा रहा था। तभी रास्ते में सम्प्रेक्षण गृह के रास्ते में मोड पर नेहरू नगर आसरा कालोनी निवासी सीमा सोनी पत्नी पवन सोनी व पवन सोनी पुत्र मुन्नालाल सोनी ने उसे रोक लिया और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर मारपीट करते हुये उसकी बॉक्सर गाड़ी संख्या यू.पी.94 के. 1444 में आग लगा दी, जिससे उसकी बाइक पूरी तरह जल गयी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सीमा सोनी व पवन सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3), 326 (एफ) व 131 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दीपावली पर पुलिस ने जारी किया नया ट्रैफिक प्लान, मुख्य बाजार में चार पहिया वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध

जोबट। हिंदुओं की आस्था के सबसे बड़े पर्व दीपावली पर सुरक्षा के मद्देनजर सोमवार को जोबट जनपद के सभाकक्ष में एडीएम अर्थ जैन और एसडीओपी नीरज नामदेव के नेतृत्व में जोबट के व्यापारियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार सुनील राणा व थाना प्रभारी मोहन डावर भी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी व्यापारियों से दीपावली पर्व को शांति और सुविधापूर्वक मनाने हेतु विचार विमर्श किया। इस दौरान एसडीएम अर्थ जैन व एसडीओपी नीरज नामदेव ने सुरक्षा को लेकर आश्वाशन एवं निदेश दिए। उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय दीपोत्सव के अवसर पर नगर के व्यस्ततम मार्गो पर सतत पेट्रोलिंग व निगरानी के लिए राजस्व अधिकारी एवं पुलिस की टीमें गठित की जाएगी। सराफा सहित नगर के सभी बड़े  व्यापारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा की दृष्टि से व्यापारीगण अपने प्रतिष्ठानों पर कैमरे, अलार्म सिस्टम तथा गार्ड की व्यवस्था जरूर करें। नगर परिषद के दीपक भाटी को नगर में फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले व्यापारियों के लिए चुने की लाइन डालकर निर्धारित सीमा में दुकान लगवाने हेतु निर्देश दिए। एसडीओपी नामदेव ने बताया कि अमूमन दीपावली से पूर्व शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोग यहां बड़ी संख्या में खरीदी करने आते है और मुख्य बाजार होने से यहां पार्किंग व्यवस्था न होने से यातायात व्यवस्था बाधित होती है जिससे आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसे दृष्टिगत रखते हुए पुलिस ने नया ट्रैफिक प्लान बनाया है ताकि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल सके। जिसके तहत धनतेरस से दीपावली तक सुबह दस से रात्रि दस बजे तक नगर के बड़े नाके, कृष्ण चौपाटी, एमजी मार्ग, छोटा नाका, सराफा बाजार आदि स्थानों पर सुबह दस से रात्रि दस बजे तक इमरजेंसी वाहनों को छोड़कर सभी चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। सभी मार्गों और स्टॉपर लगाकर वहां ट्रैफिक जवान तैनात किए जाएंगे। बैठक में सराफा व्यापारी संघ अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव, अनाज व्यापारी संघ अध्यक्ष बसंतीलाल वाणी, किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष अशोक वाणी सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## भारत से 20 छात्र सकुरा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जापान रवाना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय का स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग 20-26 अक्टूबर तक 5 अन्य देशों के साथ सकुरा कार्यक्रम 2024 में भाग लेने के लिए 20 स्कूली छात्रों और 2 पर्यवेक्षकों को जापान भेज रहा है। बच्चों को स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा सीआईईटी-एनसीईआरटी में आयोजित एक समारोह में साक्षरात विभाग के उप सचिव चरणजीत तनेजा, सीआईईटी-एनसीईआरटी के संयुक्त निदेशक डॉ अमरेंद्र प्रसाद बेहरा और नवोदय विद्यालय की उपायुक्त कीर्ति पंवार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी एर्जेंसी के प्रबंधक केमोची युकिओ और स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग-शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी भी शामिल हुए। ये 20 छात्र (10 लड़के और 10 लड़कियां) नवोदय विद्यालयों से हैं और देश भर से प्रेरणा कार्यक्रम के पूर्व छात्र हैं। ल्लेखनीय है कि युवा शिक्षार्थियों के बीच बौद्धिक क्षितिज और वैज्ञानिक अन्वेषण को विकसित करने के लिए, जापान विज्ञान और प्रौद्योगिकी एर्जेंसी (जेएसटी) 2014 से जापान-एशिया युवा विज्ञान विनिमय कार्यक्रम को लागू कर रही है, जिसे सकुरा विज्ञान कार्यक्रम के रूप में भी जाना जाता है। भारत को 2015 में सकुरा कार्यक्रम में जोड़ा गया था। छात्रों को कार्यक्रम के तहत जापान की अल्पकालिक यात्राओं के लिए आमंत्रित किया जाता है, जिससे उन्हें जापान के अत्याधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ-साथ इसकी संस्कृति का अनुभव करने का अवसर मिलता है।

## लुमडिंग में संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से इंजन हुआ अलग

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का इंजन चलते समय ट्रेन के बाकी हिस्सों से अलग हो गया। जानकारी के अनुसार, इंजन डिब्बों से अलग हो गया, जिससे डिब्बे ट्रैक पर ही रह गए और इंजन आगे बढ़ गया। अचानक इंजन के अलग होने से यात्री दहशत में हो गए। गाड़ी में सिलचर से दिल्ली तक के यात्री सवार थे। घटना के संदर्भ में पूछे जाने पर पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के किशोर शर्मा ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि ऐसा नहीं था कि चलती हुई गाड़ी का इंजन गाड़ी से अलग हो गया था। उन्होंने कहा कि लुमडिंग जंक्शन पर गाड़ियों का लोको बदला जाता है। लोको बदले जाने के तुरंत बाद इंजन अलग हुआ। तुरंत ही इसे जोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि इस कारण गाड़ी कुल 16 मिनट लेट हुई। यानी 16 मिनट के अंदर अटैच कर इसे फिर से रवाना कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस घटना को कुछ बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इंजन के अलग होने के बावजूद किसी भी प्रकार की दुर्घटना नहीं हुई। यह घटना लुमडिंग जंक्शन के पास हुई। इंजन अलग होते ही रेलवे अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई की। रेलवे अधिकारियों ने इंजन अलग होने की इस घटना को गंभीरता से लिया है और भविष्य में इससे सीख लेकर लेकल लोको बदलने में अतिरिक्त सावधानी बरती जाएगी।

## चुनाव एनडीए एक साथ लड़ेगा और सरकार भी बनाएगा: हिमंता बिस्वा सरमा

**रांची।** भाजपा के झारखंड प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि चुनाव एनडीए एक साथ लड़ेगा और सरकार भी बनाएगा। लोजपा के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी चुनाव में एनडीए के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करेंगे। एनडीए एक साझा घोषणा पत्र लेकर जनता के पास जाएगा। हिमंता बिस्वा सरमा भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए के सभी घटक मिलकर चुनाव लड़ने वाले हैं और जहां भी जरूरत होगी, वहां चिराग पासवान भी चुनाव प्रचार में आएंगे। कम समय में ही लोजपा (आर) ने राज्य में अपना संगठन अच्छे से खड़ा किया है। निश्चित तौर पर चुनाव में एनडीए गठबंधन सफल होकर सरकार बनाएगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कल ही झारखंड विधानसभा में एनडीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बनी थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी दल मिलकर राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव लड़ते हैं। यह भी तय हुआ है कि हम झारखंड में भी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हर एक विधानसभा सीट को जीतने के लिए चुनाव लड़ेंगे। पिछले 5 वर्षों से वर्तमान सरकार ने झारखंड के लोगों को धोखा दिया है। लूटा है। इससे झारखंड के लोगों को मुक्ति दिलानी है। झारखंड में बेहतर सरकार बनानी है। झारखंड के मजबूत होने पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश भी मजबूत होगा।

## संविधान पर हो रहे चौतरफा हमले, सम्मान के साथ रक्षा की जरूरत: राहुल गांधी

**रांची।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आज की सच्चाई है कि संविधान के रक्षा की जरूरत है। सिर्फ संविधान का सम्मान करने से नहीं होगा। चारों तरफ से संविधान पर आक्रमण हो रहा है। सिर्फ एक-दो व्यक्ति नहीं, बल्कि अलग-अलग शक्तियां इस पर हमला कर रही हैं। इनका लक्ष्य है संविधान खत्म हो जाये या फिर खोखला बना दिया जाये। गांधी डोरंडा के शौर्य सभागार में सिविल सोसाइटी सहित समाज के सभी वर्गों के साथ संविधान बचाओ सम्मेलन में बोल रहे थे। राहुल गांधी ने संविधान की प्रति दिखाते हुए कहा कि इसको खोखला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसको लागू तो 1950 में किया गया लेकिन यह समझना जरूरी है कि इसको लागू करने के पीछे सोच हजारों साल पुरानी है। यह भगवान महावीर, भगवान बुद्ध, गुरुनानक समेत उन महापुरुषों की सोच का नतीजा है ।

## वायनाड से प्रियंका गांधी के खिलाफ भाजपा ने नव्या हरिदास को बनाया है उम्मीदवार

एजेंसी

**वायनाड।** भाजपा ने केरल के वायनाड में लोकसभा उपचुनाव के लिए नव्या हरिदास को मैदान में उतारा है, जहां वह कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। नव्या हरिदास भाजपा महिला मोर्चा की राज्य महासचिव हैं। वह कोझिकोड निगम में दो बार पार्षद रह चुकी हैं और निगम में भाजपा संसदीय दल की नेता हैं।

वह 2021 में पिछले विधानसभा चुनाव में कोडोकोड दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के बैनर तले चुनावी मैदान में उतरी थीं, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। नव्या हरिदास पेशे से मैकेनिकल इंजीनियर रही हैं। उन्होंने साल 2007 में केएमसीटी इंजीनियरिंग कॉलेज, कालीकट विश्वविद्यालय से बी.टेक की डिग्री



प्राप्त की है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के अनुसार, नव्या पर कोई आपराधिक मामला नहीं है और उनके पास 1,29,56,264 रुपये की संपत्ति है। एडीआर के अनुसार, उन पर 1,64,978 रुपये की कुल देनदारी भी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा इस साल हुए लोकसभा चुनाव में वायनाड सीट पर जीत हासिल करने के बाद उसे छोड़ने और उत्तर प्रदेश में रायबरेली सीट को बरकरार रखने के बाद यह खाली हुई थी। केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में प्रियंका गांधी के नाम की आधिकारिक घोषणा हो चुकी है। प्रियंका गांधी वाड्रा 1999 से सक्रिय राजनीति में हैं, लेकिन वह खुद पहली बार चुनावी मैदान में उतर रही हैं। शुरुआत में उन्होंने अमेठी में अपनी मां सोनिया गांधी के लिए प्रचार किया था। उनके भाई राहुल गांधी का वायनाड से गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। जहां उन्होंने 2019 के चुनावों के दौरान अपने गढ़ अमेठी में भाजपा नेता स्मृति ईरानी से हारने के बाद जीत हासिल की थी। इसके बाद वायनाड गांधी परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण निर्वाचन क्षेत्र बन गया । वायनाड लोकसभा सीट पर नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर है। उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है।

## एनआईए ने बीजापुर के पालनार गांव में की छापेमारी




एजेंसी

**रायपुर।** राष्ट्रीय जांच एर्जेंसी (एनआईए) ने बीजापुर के गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित पालनार गांव में छापेमारी की है। एनआईए की टीम ने व्यापक तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन, सिम कार्ड और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं। बीजापुर पुलिस की मदद से एनआईए टीम आज सुबह 4 बजे पालनार पहुंची थी। एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि यह तलाशी पालनार से दिनेश ताती नामक व्यक्ति की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में की गई। ज्ञात हो कि माओवादियों की मदद करने वाले ताती को जून 2023 में बीजापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बयान में कहा गया है कि पुलिस ने आरोपित के पास से 10 लाख रुपये नकद और अन्य चीजें जब्त की थीं। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक डॉ जितेंद्र यादव ने आज कार्रवाई के बारे में बताया कि एक मामले पर एनआईए की टीम पालनार आई थी। सर्चिंग में हमने उनकी मदद की थी लेकिन इस मामले में हमारे पास अधिक जानकारी नहीं है।

## सिकंदराबाद मंदिर में विरोध प्रदर्शन हिंसक होने पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

एजेंसी

**हैदराबाद।** सिकंदराबाद स्थित मुथ्यालम्मा मंदिर के निकट तनाव बढ़ता नजर आ रहा है। क्योंकि मंदिर में हाल ही में हुई तोड़फोड़ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कुछ लोगों के हिंसक हो जाने के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। मंदिर में हाल ही में हुई तोड़फोड़ की निंदा करने के लिए कुछ दक्षिणपंथी समूहों द्वारा आहूत विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई इस घटना में कुछ पुलिसकर्मी और प्रदर्शनकारी घायल हो गए।

मंदिरों पर हमलों के विरोध में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने तेलंगाना बंद का आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियों का एक समूह मंदिर के सामने धरने पर बैठ गया और मांग की कि हमले में शामिल व्यक्ति को उनके हवाले किया जाए। उपद्रव तब शुरू हुआ, जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने पानी की बोतलें और पत्थर फेंके, इससे कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने जवाब में लाठीचार्ज किया। इस बीच, भाजपा ने पुलिस लाठीचार्ज की निंदा की है। इसके विधायक राजा सिंह ने मंदिर में 'शांतिपूर्ण' तरीके से प्रदर्शन कर रहे हिंदुओं पर किए लाठीचार्ज के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। बता दें कि 14 अक्टूबर को एक व्यक्ति मंदिर में




घुस आया और मंदिर की मुख्य मूर्ति को अपवित्र कर दिया। स्थानीय लोगों ने उस व्यक्ति को पकड़ लिया, उसकी पिटाई की और बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। दो दिन बाद, पुलिस ने आरोपी की पहचान सलमान सलीम ठाकुर उर्फ सलमान के रूप में की, जो मुंबई के पास मुंब्रा का रहने वाला है। पुलिस जांच में पता चला कि 30 वर्षीय व्यक्ति इस महीने की शुरुआत में एक महीने तक चलने वाली व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में भाग लेने के लिए हैदराबाद आया था। 14 अक्टूबर को सुबह करीब 4.30 बजे, वह मार्केट पुलिस स्टेशन की सीमा में कुम्मारगुडा स्थित श्री मुथ्यलम्मा मंदिर के गर्भगृह में घुस गया और मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया। मार्केट पुलिस स्टेशन में धारा 333, 331(4), 196, 298 और 299 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, सलमान हैदराबाद में इंग्लिश हाउस अकादमी द्वारा आयोजित व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में भाग लेने के लिए आया था, जो होटल मेट्रोपोलिस, रेजिमेंटल बाजार, सिकंदराबाद में आयोजित की गई थी। पुलिस ने पाया कि होटल परिसर को शैक्षणिक पाठ्यक्रम चलाने के लिए अवैध रूप से किराए पर लिया गया था, जिसकी कोई औपचारिक अनुमति नहीं है। पुलिस ने कहा कि इसके लिए प्रबंधन के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## राजस्थान में दर्दनाक हादसा: स्लीपर कोच बस ने टेंपो को मारी टक्कर, 11-12 लोगों की मौत

एजेंसी

**धौलपुर।** एनएच 11बी पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में 11-12 लोगों की मौत की सूचना मिल रही है। हादसा सुनीपुर गांव के पास उस समय हुआ जब एक स्लीपर कोच बस ने तेज रफ्तार में एक टेंपो को टक्कर मार दी। मृतकों में पांच बच्चे, तीन बच्चियां, दो महिलाएं और एक पुरुष बताए जा रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह दर्दनाक हादसा उस वक्त हुआ जब टेंपो सवार लोग बरौली गांव में एक भात कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर, बाड़ी शहर के गुमट मोहल्ला, लौट रहे थे। अचानक सुनीपुर गांव के पास तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस ने टेंपो को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो में सवार ज्यादातर लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शवों को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। घटना के बाद पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। सभी शवों को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी में भेजा गया है, जहां पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पुलिस घटना की विस्तृत जांच कर रही है, ताकि हादसे के सही कारणों का पता चल सके और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।



जल्द शुरू की जाएगी। दुर्घटना के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया, और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बस चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाया, जिसके कारण यह भीषण टक्कर हुई।

इस हृदयविदारक हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डूबा दिया है। करवा चौथ वाले दिन मृतकों के परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोग और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर मृतकों के परिवारों को सांत्वना देने की कोशिश कर रहे हैं।

## बीजेपी ने सात उपचुनाव वाली सीटों में से छह उम्मीदवार घोषित किए : परिवारवाद और सहानुभूति का कार्ड खेला

एजेंसी

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा राजस्थान की 7 में से 6 सीटों पर उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। यह उपचुनाव सिर्फ सीटों के लिए नहीं, बल्कि राजनीतिक समीकरणों को साधने का भी प्रयास है, खासकर परिवारवाद और सहानुभूति कार्ड के खेल में बीजेपी के इस कदम को देखा जा रहा है।सबसे दिलचस्प फैसला दौसा सीट से किरोड़ी लाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को टिकट देना रहा। यह कदम साफ तौर पर किरोड़ी लाल की नाराजगी को दूर करने और उनके राजनीतिक दबदबे को मजबूत करने के लिए उठाया गया है। किरोड़ी लाल ने कुछ समय पहले इस्तीफा देने की धमकी दी थी, जिसे अब जगमोहन को टिकट देकर शांत करने का प्रयास किया गया है। यह राजनीतिक गणित भाजपा की ओर से अपने नेताओं के परिवारों को संतुष्ट करने के लिए दिख



रहा है, जो कि पार्टी की पारिवारिक राजनीति विरोधी छवि के विपरीत है।

इस कदम से बीजेपी को किरोड़ी लाल के व्यापक प्रभाव वाले मीणा वोट बैंक को मजबूती से साधने का मौका मिला है। इसके अलावा, इससे पार्टी के भीतर की आपसी खींचतान को कम करने का प्रयास भी देखा जा सकता है।

**सलूंबर में सहानुभूति कार्ड**

सलूंबर सीट से शांता देवी को टिकट देकर बीजेपी ने सहानुभूति कार्ड खेला है। दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा की पत्नी शांता देवी को उम्मीदवार बनाकर बीजेपी ने मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित करने की कोशिश की है। यह कदम पिछली बार राजसमंद में किरण माहेश्वरी की बेटी दीप्ति माहेश्वरी की जीत से प्रेरित लगता है। हालांकि, शांता देवी का विवादित इतिहास, जिसमें फर्जी मार्कशीट से जुड़े मामले शामिल हैं, चुनावी दांव को चुनौतीपूर्ण बना सकता है। फिर भी, बीजेपी का यह दांव भावनात्मक वोट बैंक को साधने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। बीजेपी ने 5 सीटों पर नए चेहरों को मौका देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि पार्टी अपने अंदर बागी तेवरों को दबाने और युवा नेतृत्व को तरजीह देने के लिए तैयार है। देवली-उनियारा में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैंसला का टिकट काटकर पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर को उम्मीदवार बनाना इस दिशा में एक ठोस कदम है। इससे यह संदेश जा रहा है कि बीजेपी पार्टी के भीतर किसी एक नेता या परिवार की पकड़ को कमजोर करते हुए व्यापक प्रतिनिधित्व का प्रयास कर रही है। खींवसर सीट पर रेवंतराम डांगा को एक बार फिर से मौका देना, हनुमान बेनीवाल के खिलाफ उनकी मजबूत चुनौती का परिणाम है। बीजेपी का यह कदम बताता है कि पार्टी उन प्रत्याशियों को मौका देना चाहती है जो प्रभावशाली तरीके से अपने प्रतिद्वंद्वियों का मुकाबला कर सकते हैं।

## परीक्षार्थियों को अब दो दिन पहले और दो दिन बाद तक मिलेगी रोडवेज में निःशुल्क यात्रा सुविधा



एजेंसी

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार युवाओं के हित में निरंतर कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आगामी समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सेकेंडरी स्तर) में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को अब परीक्षा दिवस के दो दिन पूर्व एवं दो दिन बाद तक निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करवायी जाएगी। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की साधारण एवं द्रुतगामी बसों में राज्य की सीमा के अंदर निःशुल्क यात्रा सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही, परीक्षार्थी को अब निवास स्थल के साथ ही कोचिंग संस्थान अथवा तैयारी स्थल से परीक्षा केन्द्र तक निःशुल्क यात्रा की शिथिलता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा परीक्षार्थियों के आवागमन में सहूलियत को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त बसों की भी व्यवस्था की गई है। इस निर्णय से युवाओं को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में सुगमता होने के साथ ही आर्थिक राहत मिल सकेगी।

## अंडमान-निकोबार में अगले 5 दिन तक भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आगामी पांच दिनों के लिए अंडमान निकोबार के लिए अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में 21 अक्टूबर को साइक्लोनिक निम्न दवाब क्षेत्र बनने के चलते वहां तेज हवाएं और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के महानिदेश धनंजय महापात्रा ने बताया कि 21 तारीख को अंडमान सागर में एक निम्न दवाबा का क्षेत्र बन रहा है। यह निम्न दवाब 23 तारीख को उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर चल कर एक अधिक निम्न दवाब में तब्दील हो सकता है। इसके प्रभाव में अंडमान सागर में 19-21 अक्टूबर तक 45 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने और भारी बारिश की संभावना है। इसके बाद यह स्थिति 23 अक्टूबर तक बनी रहेगी। इसके प्रभाव में तटीय क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है, इसलिए मछुआरों के साथ पर्यटकों को भी इन क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी गयी है। महापात्रा ने बताया कि उत्तर बंगाल की खाड़ी में 23-25 अक्टूबर तक 60-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।

## मुडा मामले में शामिल सभी लोगों के पासपोर्ट जब्त किए जाएं: कर्नाटक भाजपा

एजेंसी

**बेंगलुरु ।** कर्नाटक भाजपा ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) मामले में शामिल सभी लोगों के पासपोर्ट जब्त करने की मांग की है। विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) आर अशोक ने कहा, ÷प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण में हुए करोड़ों रुपये के घोटाले की जांच कर रहा है। ईडी के अधिकारियों ने मैसूर में मुडा कार्यालय और तालुक कार्यालय पर छापेमारी कर दस्तावेजों की जांच की और संबंधित अधिकारियों से पूछताछ की है। उन्होंने कहा, ईडी की जांच तेज होने के साथ ही मामला एक और महत्वपूर्ण चरण में पहुंच गया है। सत्ता के सर्वोच्च पदों पर बैठे लोग, उनके परिवार के सदस्य और वरिष्ठ अधिकारी इसमें शामिल हैं, इसलिए यह मामला गंभीर और संवेदनशील दोनों है। भाजपा नेता ने मांग की, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के



लिए, मैं ईडी के निदेशक और कर्नाटक के डीजीपी से अपील करता हूं कि वे मामले में शामिल सभी अधिकारियों, आरोपियों और संभावित गवाहों के पासपोर्ट तुरंत जब्त करें। कर्नाटक लोकायुक्त और ईडी इस घोटाले की जांच कर रही है। याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा पहले ही सीबीआई जांच की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटा चुके हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने लोकायुक्त अधिकारी नियुक्त किए हैं और वे मुख्यमंत्री और उनके परिवार के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाएंगे। ईडी अधिकारियों ने रात 11 बजे तक मुडा कार्यालय में तलाशी और जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने आयुक्त रघुनंदन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भूमि स्वामित्व और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को आवंटन से संबंधित मूल दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की।

## योगी ने की प्रदेश में होने जा रहे उपचुनाव की रणनीति की समीक्षा

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला इकाइयों के प्रभारियों और पदाधिकारियों के साथ राज्य भर में नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले आगामी उपचुनाव की रणनीति की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में चुनावी परिदृश्य और सभी सीटों पर जीत हासिल करने के उद्देश्य से लक्षित रणनीतियों के विकास पर गहन चर्चा की गई। योगी ने पार्टी के जिला प्रभारियों और पदाधिकारियों को विशिष्ट जिम्मेदारियां भी सौंपीं, जिसमें चुनावों से पहले एक सुसंगत और प्रभावी अभियान के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। बैठक के दौरान योगी ने मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच मजबूत टीम वर्क की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर दिया कि पार्टी नेताओं को आगामी उपचुनाव में अपनी जिम्मेदारियों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहिए और कोई



कसर नहीं छोड़नी चाहिए।

योगी ने कहा कि इन उपचुनावों में जीत न केवल एक राजनीतिक उपलब्धि होगी, बल्कि जनता के विश्वास का भी प्रतीक होगी, उन्होंने सभी से निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया।

उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को उपचुनाव को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का निर्देश दिया। इस बात पर जोर दिया कि हर सीट महत्वपूर्ण है और इस जमीनी स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी की जरूरत है।

उन्होंने नेताओं को अपने समुदायों में सक्रिय रहने और स्थानीय बैठकों के माध्यम से जनता से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया, जिन्हें 'चौपाल' के रूप में जाना जाता है। फिर उन्होंने पार्टी में अधिक विश्वास बनाने के लिए इन सभाओं में जनता के मुद्दों को समझने और संबोधित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अलावा योगी ने मंत्रियों और अधिकारियों को उन जिलों में अधिक समय बिताने का निर्देश दिया जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने, उनकी चिंताओं को सुनने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। योगी ने स्थानीय जिला अधिकारियों के साथ समन्वय के माध्यम से चुनावी तैयारियों को बढ़ाने का आह्वान किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों की समीक्षा की और सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने घोषणा की कि पार्टी सभी नौ सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उपचुनाव में पूरी मजबूती के साथ उतरेगी।

## पेपर लीक का बड़ा खुलासा : एसओजी ने 30 स्थानों पर दबिश देकर 28 संदिग्धों को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान की धरती पर एक बार फिर से भ्रष्टाचार का काला खेल उजागर हुआ है, जब राजस्व अधिकारी ग्रेड-II और अधिशाषी अधिकारी वर्ग-IV (स्वायत्त शासन विभाग) की प्रतियोगी परीक्षा-2022 में पेपर लीक का मामला सामने आया। इस घोटाले में 28 टीमों ने समन्वय कर 30 स्थानों पर दबिश देकर कुल 28 संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार संदिग्धों में आधे दर्जन से ज्यादा सरकारी कर्मचारी शामिल हैं। यह सब तब शुरू हुआ जब राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 14 मई 2023 को दो चरणों में परीक्षा का आयोजन किया। परीक्षा के बाद, जब आयोग ने अभ्यर्थियों की पात्रता जांच की, तो गड़बड़ियों के संकेत मिले। खासकर, खजवाना गांव के 6 अभ्यर्थियों की सामान्य जानकारी देखकर आयोग के अधिकारी चौंक गए। इस पर सचिव ने एसओजी को एक गोपनीय रिपोर्ट भेजी, जिसके बाद जांच का एक नया अध्याय शुरू हुआ। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजी, श्री वी.के. सिंह के निर्देशन में गठित जांच कमेटी ने तकनीकी विश्लेषण और फील्ड वेरिफिकेशन के माध्यम से यह पता लगाया कि तुलछाराम कालेर और उसके साथियों ने परीक्षा से पहले पेपर लीक कर दिया था। बताया जा रहा है कि अभ्यर्थियों को ब्लूटूथ के माध्यम से नकल करवाने की योजना बनाई गई थी। जांच में पता चला कि इस पेपर लीक में 15 ज्ञात और 8 अज्ञात अभ्यर्थियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 28 टीमों ने समन्वय कर 30 स्थानों पर दबिश देकर कुल 28 संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार संदिग्धों में आधे दर्जन से ज्यादा सरकारी कर्मचारी शामिल हैं, जो यह दर्शाता है कि इस घोटाले में सिस्टम के भीतर की गंदगी कितनी गहरी है।जांच के दौरान डमी कंडीडेट के माध्यम से परीक्षा देने और फर्जी डिग्री के संबंध में भी शिकायतें मिली हैं। इस पूरे मामले में एक विशेष दल का गठन किया गया है, जो आगे की जांच करेगा। यह मामला केवल एक परीक्षा का नहीं, बल्कि एक ऐसे बड़े नेटवर्क का है जो सरकारी भर्ती परीक्षाओं को अपनी जद में ले चुका है। राजस्थान में चल रहे इस घोटाले ने एक बार फिर से इस सवाल को उठाया है कि क्या हमारी सरकारी प्रणाली में ऐसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कोई ठोस कदम उठाए जा रहे हैं यह मामला हमें याद दिलाता है कि अगर हम सचाई के साथ खड़े नहीं हुए, तो हमारा भविष्य भी संदेह के घेरे में रहेगा। इस बार प्रशासन ने सख्ती दिखाई है, लेकिन क्या यह एक स्थायी समाधान होगा

## दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम: डॉ वीरेन्द्र कुमार

एजेंसी

**जबलपुर।** दिव्यांगजनों द्वारा तैयार उत्पादों के प्रदर्शन के लिए जबलपुर में आयोजित देश के 21वें दिव्य कला मेला का केन्द्रीय समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों के आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया अनूठा कदम है। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर के नागरिक बड़े दिल वाले हैं और मेले में आये दिव्यांगजनों को उनका भरपूर प्रोत्साहन और स्नेह मिलेगा। मेले में शामिल हो रहे प्रतिभागी संस्कारधानी की मधुर स्मृतियां लेकर यहां से जाएंगे।

दिव्य कला मेले के उद्घाटन समारोह में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, विधायक अशोक रोहाणी, प्रदेश के निश्शक्तजन आयुक्त संदीप रजक, कलेक्टर दीपक सक्सेना, राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक नवीन शाह एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय केन्द्र शासन के संयुक्त सचिव राजीव शर्मा भी मौजूद थे। एमएलबी स्कूल के खेल मैदान में 17 अक्टूबर से आयोजित किये जा रहे ग्यारह दिन के इस मेले में देश के 12 राज्यों के दिव्यांगजनों द्वारा अपने उत्पादों के प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दिव्य कला मेले में दिव्यांगजनों के उत्पादो एवं शिल्प कौशल के प्रदर्शन के लिए करीब 100 स्टॉल लगाये गये हैं।

# उदघाटित स्टेडियम से बाबू सम्पूर्णानन्द का नाम हटाने पर आक्रोश
## जिला कांग्रेस कमेटी ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम भेजा ज्ञापन

**पुष्पांजलि टुडे**
**ललितपुर अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**

ललितपुर। बनारस में उदघाटित स्टेडियम से श्रीसंपूर्णानंदजी का नाम हटाने के विरोध में मंगलवार को कांग्रेसियों ने लामबंद होकर एक ज्ञापन भारत की महामहिम राष्टपति को जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा है। ज्ञापन में कांग्रेसियों ने बताया कि विगत दिनों देश के प्रधानमंत्री द्वारा बनारस के प्रतिष्ठित स्टेडियम के आधुनिक निर्माण का उद्घाटन किया था। उक्त स्टेडियम के उद्घाटन के साथ ही, स्टेडियम से जुड़ा बाबू संपूर्णानंद का नाम हटा दिया गया जो काफी आपत्तिजनक और निंदनीय है। बताया कि बाबू सम्पूर्णानन्द का नाम हटाना बनारस इतिहास से जुड़े गौरवशाली विरासत का भी अपमान है। कांग्रेस ने दावा किया कि सरकार के इस कृत्य से बनारस के साथ-साथ प्रदेश के भी लाखों लोग आहत भी हुए हैं। बताया कि संपूर्णानंदजी जैसे मनीषी और राजनेता का नाम हटा दिया जाना काशीवासियों की भावनाओं का अपमान के साथ-साथ काशी की विद्युत आचार्य परंपरा एवं आजादी में अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले सैनानियों का भी अपमान है। विडंबना जाहिर करते हुये कांग्रेसियों ने बताया कि जिन संपूर्णानंदजी का योगदान काशी का वैदिक नाम वाराणसी कराने में महत्वपूर्ण रहा आज उन्हीं के नाम हटा दिया गया है। जिस तरह गुजरात में मोटेरा स्टेडियम का नाम बदलकर सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम से रखा गया, बाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम कर दिया गया। इस तरह देश की आजादी में योगदान देने वालों का इतिहास भी नष्ट किया जा रहा है।



कांग्रेस पार्टी ने सरकार के इन अनैतिक कार्यों का पुरजोर विरोध जाहिर करते हुये कहा कि इस विरोध को एक आंदोलन बनाने का कार्य किया जायेगा। ज्ञापन देते समय सुनील जैन, मकरन्द किलेदार, मनीष श्रीमाली, अजय प्रताप सिंह तोमर एड., बहादुर अहिरवार एड., महेन्द्र पनारी, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रितिक शुक्ला मोन्टी, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकित यादव, नेहा तिवारी, चीकू पठान, मु.जावेद जिम्मी, मनीराम अहिरवार, संजय जाटव, पुष्पेन्द्र चौहान के अलावा अनेकों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# नितिन गिरी को सर्व सन्त समाज ने छोटी माता मंदिर का उत्तराधिकारी घोषित किया

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट ललितपुर पुष्पांजलि टुडे**



ललितपुर। बुन्देलखण्डवासिनी प्राचीन श्रीश्री 1008 छोटी माता मंदिर सुम्मेरा तालाब के महंत घनश्यामजी गिरि पुत्र स्व.बालगिरि अस्वस्थता के कारण बीती 08 अक्टूबर 2024 को ब्रह्मलीन हुए। तदोपरान्त 21 अक्टूबर 2024 को उनके उत्तराधिकारी के रूप में नितिन गिरि ने शोरसी भंडारा का आयोजन किया। जिसमें श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर चण्डी पीठाधीश्वराचार्य स्वामी चंद्रेश्वरगिरिजी महाराज के मुख्य आतिथ्य में एवं जगद्गुरु स्वामी डा.कृष्णगिरी महाराज की अध्यक्षता में ब्रह्मलीन घनश्याम गिरिजी की सेवा एवं मंदिर आदि की संपूर्ण व्यवस्थाओं का पूर्व से दायित्व संभाल रहे उनके उत्तराधिकारी नितिन गिरि को आयोजित शोरसी कार्यक्रम में मौजूद संत समाज विप्रजन एवं मंदिर के भक्तजनों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से तिलक लगाकर चादर विधि प्रक्रिया के बाद बुन्देलखण्ड वासिनी प्राचीन श्रीश्री 1008 छोटी माता मंदिर का महंत नियुक्त किया। नितिन गिरि की महन्तई गद्दी में छोटी माता मंदिर, चिंताहरण श्रीहनुमान मंदिर, आशुतोष महादेव शिव मंदिर एवं भैरों बाबा मंदिर, भोगशाला आदि की संपूर्ण व्यवस्थाओं देखरेख आदि की संपूर्ण जिम्मेवारी सौंपे जाने के बाद महंत नितिन गिरि ने निष्ठापूर्ण सभी दायित्वों के निर्वहन करने का संकल्प लेते हुए संत महात्माओं का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर महंत सर्वेश्वर गिरि महराज, जगतगुरुश्री सर्वेश्वर गिरि महंत श्री नृसिंह मंदिर ग्राम सतौरा ब्लॉक बिरधा, हीरानंद महाराज, बद्रीप्रसाद पाठक, बृजेश चतुर्वेदी, अवध बिहारी उपाध्यक्ष, नंदकिशोर तिवारी, दिनेश शर्मा, पूर्व विधायक रमेश कुशवाहा, रामेश्वर गिरि, पातालेश्वर, अनिल गिरि एवं समस्त विप्रजनों, संतों भक्तजनों की उपस्थिति रही।

# बालश्रम करते पाये गये बच्चों को अभिभावकों के सुपुर्द किया



**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट ललितपुर पुष्पांजलि टुडे।**

ललितपुर। श्रम विभाग, थाना ए.एच.टी.यू. /मानव तस्करी रोधी इकाई, जिला प्रोबेशन कार्यालय द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत बाल श्रम रेस्क्यू अभियान चलाया गया जिसमें कुछ बच्चे बाल श्रम करते पाए गए। उन बच्चों के माता पिता को बुला कर सीडब्ल्यूसी के सामने प्रस्तुत कर बच्चों को सुपुर्द कर समझाया गया है कि अभी बच्चों की पढ़ाई लिखाई की उम्र है। उनको पढ़ाए अगर आप की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है तो जिला प्रोबेशन कार्यालय से विभागीय योजनाएं संचालित है। उन योजनाओं का आप अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए लाभ ले सकते है। जिला प्रोबेशन कार्यालय ललितपुर में विकास भवन से पहले कचहरी परिसर में स्थित है

**दीपावली से पूर्व दिया जाएगा मानदेय : बीएसए**

# शिक्षा मित्र एसोसिएशन ने बीएसए को सौपा ज्ञापन



**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट ललितपुर पुष्पांजलि टुडे**

ललितपुर। आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेल्फेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस के नेतृत्व में एक ज्ञापन बीएसए से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में कहा गया कि सर्व शिक्षा एवम परिषदीय शिक्षामित्रों की ग्रांट जारी हो चुकी है। विगत कई त्योहारों पर कर्मचारियों की लापरवाही से शिक्षा मित्रों को मानदेय नही मिल पाता। जिससे उनका त्यौहार सही तरह से मन नहीं पाता। हिन्दू धर्म का प्रमुख त्यौहार दीपावली है। अतएव सरकार ने भी दीपावली से पूर्व अक्टूबर माह का मानदेय दिलाये जाने हेतु आदेश कर दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह ने आश्वासन दिया कि हर हालत में 30 अक्टूबर को खातों में मानदेय पहुंच जाएगा। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस, अशोक कुमार अहिरवार, ताहर सिंह पवार, अशोक परिहार, हरिओम राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# रस्सी से गला घोंटकर पोते की हत्या करने वाला दादा गिरफ्तार
## हत्या के चार घण्टे बाद ही पुलिस टीम ने प्रीतम को धर दबोचा

**पुष्पांजलि टुडे ललितपुर अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**

ललितपुर। पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर पुत्र द्वारा की गयी शादी से नाखुश पिता ने पोते की रस्सी से गला घोंटकर नृशंस हत्या कर दी थी। प्रकरण को लेकर महज चार घण्टे बाद ही मुख्य आरोपी दादा को आलाकत्ल के रूप में रस्सी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस मामले के खुलासे के लिए एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी और एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व सीओ तालबेहट कुलदीप कुमार के निकट पर्यवेक्षण में सर्विलांस, एसओजी व थाना पूराकलां को टीम बनाकर निर्देशित किया गया था। इधर फोरेन्सिक टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर साक्ष्य संकलित किये थे। मैनुअली और टैक्निकली व अन्य साक्ष्य एकत्र कर मुख्य आरोपी के खिलाफ अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।थाना पूराकलां के ग्राम उगरपुर अंतर्गत मजरा गीदवर निवासी माया अहिरवार अहिरवार पत्नी रोहित अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह अपने पति के साथ दुकान पर सामान लेने के लिए गयी हुयी थी। तब उसका 6 वर्षीय पुत्र मोहित घर में था, इसी समय का फायदा उठाते हुये उसके ससुर प्रीतम अहिरवार ने रस्सी से गला घोंटकर मोहित की नृशंस हत्या कर दी। मामले की सूचना पर पूराकलां पुलिस ने प्रीतम अहिरवार के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 103(1) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। सूचना के आधार पर तत्काल उच्चाधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। फोरेन्सिक टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किये। घटना का खुलासा करने के लिए लगायी गयीं एसओजी, सर्विलांस टीम के अलावा पूराकलां थाना पुलिस ने प्रीतम अहिरवार को घटना के चार घण्टे बाद ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान प्रीतम अहिरवार ने बताया कि उसके पुत्र रोहित ने माया अहिरवार से उसकी मर्जी के विरूद्ध जाकर एक वर्ष पूर्व विवाह कर लिया था। रोहित की पत्नी माया की पूर्व में एक शादी थाना बानपुर के ग्राम गमचारी निवासी बबलू अहिरवार से हो चुकी थी और इसने अपने पूर्व पति बबलू अहिरवार को छोडड़र, उसके पुत्र रोहित से दूसरी शादी कर ली थी। माया का पहले पति से पैदा हुआ एक लडड़ा था, जो उसके साथ ही रहता था। इसी बात से वह असंतुष्ठ था और मौका पाते ही आवेश में आकर पोते मोहित की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्यारोपी दादा प्रीतम अहिरवार को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पूराकलां अभिषेक सिंह, स्वाट टीम प्रभारी अतुल तिवारी व सर्विलांस प्रभारी आलोक कुमार सिंह अपनी-अपनी टीमों के साथ शामिल रहे।




### मजदूरी पर जाने से मना करने पर मारपीट

ललितपुर। थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम पिपरा के मजरा कंचनपुरा में रहने वाले विशाल यादव पुत्र राजाराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 अक्टूबर को शाम करीब 5.30 बजे उसके घर के दरबाजे पर कलावती पत्नी सुनील बैठी थी और राहुल पुत्र रामजी यादव व सुरेन्द्र पुत्र हिम्मत कलावती को मजदूरी पर जाने से मना करने पर गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठियों से मारपीट कर दी। इस हमले में उसकी पत्नी राधा ने बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। इस हमले में घायल राधा व कलावती को बाइक पर बैठाकर अपने घर से जखौरा आ रहा था, तभी ग्राम जमौरामाफी बस स्टेण्ड के पीछे से तेज गति से आ रहे राहुल यादव ने मार्शल गाड़ी से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सभी घायल हो गये। विशाल यादव की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 351 (3), 352, 281 व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# लॉटरी पद्धति से 26 को होगा आतिशबाजी लाइसेंस की दुकानों का आवंटन

ललितपुर। उप जिला मजिस्ट्रेट ने सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी करते हुये अवगत कराया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 29 से 31 अक्टूबर तक अस्थायी आतिशबाजी लाइसेंस की कुल 50 दुकानों का आवंटन लाटरी पद्धति से किया जायेगा। उन्होंने आवेदकों से अपेक्षा की है कि उक्तानुसार अपने आवेदन पत्र, निर्धारित शुल्क चालान फार्म द्वारा बैंक में जमा करके मूल प्रति उनके कार्यालय में जमा करा दें। नियत तिथि के पश्चात कोई आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। शर्तों को लेकर उन्होंने बताया कि आवेदन और चालान जमा करने की तिथि 18 से 23 अक्टूबर शाम 5 बजे तक, सम्बन्धित थाने से आख्या प्राप्ति की तिथि 24 से 26 अक्टूबर तक और लाटरी पद्धति से दुकानों का आवंटन तहसील सदर के सभागार में 26 अक्टूबर को शाम 4 से कार्य समाप्ति तक किया जायेगा।

# सोयाबीन की चोरी कर भाग रहे युवक को व्यापारी ने पकड़ा
## 3-4 अज्ञात लोग भागने में हुये कामयाब, एफआईआर दर्ज

**पुष्पांजलि टुडे ललितपुर अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**

ललितपुर। गल्ला मण्डी परिसर के पीछे स्थित गोदाम से लगातार चोरी हो रही सोयाबीन से परेशान व्यापारी ने स्वयं रेकी कर कुछ लोगों पर सोयाबीन चोरी करने का आरोप लगाया है। व्यापारी ने खाली बोरियों के साथ दबोचे एक युवक को पुलिस के सुपुर्द भी किया है। पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर नामजद युवक के साथ 3-4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।शहर क्षेत्र के मोहल्ला बाहुबलिनगर निवासी देवेन्द्र कुमार जैन पुत्र स्व.नाथूराम जैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नवीन गल्ला मण्डी में स्थित गोदाम में उसका सोयाबीन बोरियों में भरा हुआ रखा था। उसे कुछ दिनों से संदेह हुआ कि उसके गोदाम में रखे सोयाबीन को कोई चोरी कर लेता है। देवेन्द्र जैन ने बताया कि उसने 20 अक्टूबर की रात अपने कुछ साथियों के साथ मण्डी परिसर के पीछे निगरानी की। रात करीब 12 बजे उसके गोदाम के रोशनदान से निकलकर 3-4 लोग बगल से लगी टीन शैड व बाउण्ड्री से कूदकर भागे, जिसमें एक युवक की पहचान खिरकापुरा निवासी राजा कुशवाहा पुत्र शंकर कुशवाहा के रूप में करते हुये यह भी बताया कि सबसे बाद में बाउण्ड्री से राजा कुशवाहा कूदा, जिससे उसके पैर में चोट भी लग गयी थी। व्यापारी देवेन्द्र ने बताया कि उसने अपने साथी भरत कोरी पुत्र रामकिशन कोरी के साथ दौड़ड़र राजा कुशवाहा को जो अपने हाथ में एक लोहे का धारदार बांका लिये हुये था को गोदाम में से चोरी करके भागते हुये पकड़ लिया। व्यापारी ने यह भी बताया कि राजा कुशवाहा ने काफी छीना-झपटी भी की, जिस कारण उसके हाथ की उंगली में चोट लग गयी। किसी प्रकार उसने अन्य लोगों की मदद से राजा कुशवाहा को मय बांका व जूट के दस खाली बोरियों के साथ पकड़ लिया और कोतवाली भेज दिया। व्यापारी ने यह भी बताया कि उसने वापस आकर गोदाम में रखे सोयाबीन की जांच की तो पाया कि करीब 150 बोरी वजन कुल 75 कुन्तल सोयाबीन चोरी चला गया है। पुलिस ने व्यापारी देवेन्द्र कुमार जैन की तहरीर पर राजा कुशवाहा व अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# पुलिस हिरासत में युवक की हालत बिगड़ीग्वालियर में उपचार के दौरान हुयी मौत, परिजनों ने काटा हंगामासीओ सदर के समझाने पर माने लोग, दिया कार्यवाही का आश्वासन

**पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**
**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट**

ललितपुर। पुलिस हिरासत में हालत बिगडने पर युवक को उपचार के लिए ग्वालियर में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी सोमवार को मौत हो गई। परिजन शव को लेकर गांव पहुंचे और उन्होंने हंगामा करते हुए कुछ लोगों पर उसका उत्पीडन करने के चलते उसकी हालत बिगडने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंची पुलिस शव को लेकर सोमवार की शाम पोस्टमार्टम हाऊस पहुंची। पोस्टमार्टम हाऊस के बाहर भी परिजनों ने हंगामा करते हुए प्रताड़ित करने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की। हंगामा की सूचना मिलते ही सीओ सिटी अभय नारायण राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने उसे समझाया, लेकिन परिजनों ने पहले उत्पीडन करने वाले लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। सीओ सिटी के आश्वासन पर हंगामा करने वाले लोग माने। कोतवाली सदर अंतर्गत ग्राम टोरिया निवासी 32 वर्षीय गोलू राजा पुत्र ऊदल सिंह को एक महिला द्वारा की गई शिकायत के बाद रविवार को पुलिस चौकी राजघाट ले आई थी, जहां से पुलिस ललितपुर कोर्ट में पेश कराने के लिए ला रही थी, तभी ग्राम मड़वारी के निकट गोलू की हालत बिगड़ गई और वह बेसुध हो गया। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और उसे पुलिस के साथ उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज ललितपुर ले आये, चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया था, झांसी से उसे ग्वालियर रेफर किया गया था, ग्वालियर में सोमवार की दोपहर में उसकी मौत हो गई। परिजन शव को लेकर शाम को गांव पहुंचे, जहां उन्होंने शव को रखकर हंगामा करते हुए प्रताड़ित करने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की। किसी प्रकार पुलिस समझा बुझा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए ललितपुर ले आई, शाम को परिजन ललितपुर पोस्टमार्टम हाऊस भी पहुंच गए, जहां उन्होंने हंगामा कर दिया और प्रताड़ित करने वाले लोगों पर एफआईआर दर्ज किये जाने की



मांग की। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी सदर पोस्टमार्टम हाऊस पहुंचे, जहां उन्होंने एफआईआर का आश्वासन दिया, तब कहीं जाकर दो घंटे बाद रात साढ़े 8 बजे परिजन माने। इधर मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि गोलू को उसकी बहन के ससुर काफी दिनों से परेशान कर रहे थे और बहन के ससुर के ड्राइवर की पत्नी ने भाई के खिलाफ झूठी शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने रविवार को भाई को पुलिस चौकी बुलाकर चालान कर दिया था व दोपहर में ललितपुर कोर्ट में ले जा रहे थे कि रास्ते में भाई की हालत बिगड़ गई थी। उन्होंने बताया कि उसके भाई को प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसके चलते उसके भाई की हलत बिगड़ी और मौत हुई है। उसने बताया कि मृतक गोलू भाई दो भाई तीन बहने है और वह दूसरे नंबर का था, मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री है।सीओ सिटी अभय नारायण राय ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जा रही है।

**आधा दर्जन पर दर्ज हुयी एफआईआर**

ग्राम टौरिया निवासी नोने राजा पुत्र जगदीश सिंह ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि 20 अक्टूबर को उसके भतीजे गोलू राजा को बिना कारण कुलुआ निवासी लल्लू राजा पुत्र निर्भय सिंह, मानू राजा पुत्र लल्लू राजा, रानू राजा, राजपाल सिंह पुत्र कोमल सिंह, चाली राजा पुत्र बृजभान सिंह, राजपाल सिंह पुत्र कोमल सिंह, महेन्द्र सिंह गाड़ी चला रहे थे। आरोप है कि लल्लू राजा कंधे पर राइफल टांगकर गांव में उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे और गोलू राजा से कहा कि महेन्द्र पुत्र रमेश से चौकी राजघाट में शिकायती पत्र दिया था, इसी प्रकार तुम लोगों के खिलाफ भी झूठी शिकायत करायी जायेगी। इस पर गोलू राजा मानसिक रूप से अत्यन्त उत्पीड़ित हो गया और उसके दिमाग की नस फट गयी, जिससे गोलू राजा बेहोश हो गया था। पुलिस ने नोने राजा की तहरीर पर लल्लू राजा, मानू राजा, रानू राजा, राजपाल सिंह, चाली राजा व महेन्द्र के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

**थाना हजीरा पुलिस ने लूट की घटना का किया पर्दाफाश**

# दिनदहाड़े बैंक से पीछा कर महिला के साथ लूट करने वाले बदमाशों पुलिस ने 12 घंटे के भीतर लूटी गई रकम सहित किया गिरफ्तार

**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। फरियादिया श्रीमती कृष्णा राठौर द्वारा थाना हजीरा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 21.10.2024 को वह गोला का मन्दिर सांची डेयरी के पास जना स्मोल फाइनेंस बैंक से लोन के कुल 49000/रुपये निकाल कर अपने भाई मुकेश साहू के साथ स्कूटी पर बैठकर पॉलीथिन में पैसे रखकर घर की तरफ जा रही थी, जैसे ही हम लोग बिरला नगर चौराहे के आगे जेसी मिल कॉलेज के सामने पहुंचे तभी पीछे से एक सफेद रंग की एक्टिवा पर दो लोग मेरा पीछा करते हुये आए और अपनी एक्टिवा को हमारी गाड़ी के सामने लगा दी, पीछे वाले लड़के ने चाकू से मुझे डराते हुए मेरे हाथ से पैसों की पन्नी लूट कर हजीरा चौराहे की तरफ भाग गये है। फरियादिया की रिपोर्ट पर से थाना हजीरा में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ के अप.क्र. 467/2024 धारा 309(4) बीएनएस, 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का कायम किया जा कर विवेचना में लिया गया।थाना हजीरा क्षेत्र में त्यौहारों के समय दिनदहाड़े महिला के साथ हुई उक्त लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे) द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक (पूर्व/यातायात/अपराध) श्री कृष्ण लालचंदानी(भापुसे) को थाना हजीरा पुलिस की टीम बनाकर उक्त लूट की घटना के आरोपियों की शीघ्र पतारसी करने हेतु निर्देशित किया गया। अति. पुलिस अधीक्षक(पूर्व/यातायात/अपराध) द्वारा थाना हजीरा पुलिस को घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फुटेज चेक कर संदिग्धों को चिन्हित कर कार्यवाही करने हेतु लगाया गया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी महाराजपुरा श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हजीरा निरीक्षक शिवमंगल सिंह सेंगर के द्वारा थाना बल की टीमों को बदमाशों की घेराबंदी कर पकडने हेतु लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा बैंक के आसपास एवं घटना स्थल के फुटेज देखे गये, जिसके आधार पर कुछ संदिग्धों को चिन्हित किया गया। दौराने विवेचना एवं तकनीकी सहायता के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर लूट की घटना में वांछित एक आरोपी आकाश माहौर पुत्र महेश माहौर उम्र 28 साल नि. सेवा नगर नूरगंज ख्वाजा नगर किलागेट थाना ग्वालियर, को आज दिनांक 22.10.2024 को ख्वाजा कानून दरगाह के पास से धरदबोचा। उक्त लूट की घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने एक अन्य साथी दिनेश जाटव के साथ मिलकर लूट करना बताया। पुलिस द्वारा पकड़े गये आरोपी आकाश माहौर से लूटी गई रकम में से 32000/- नगद तथा घटना में प्रयुक्त एक सफेद रंग की एक्टिवा एवं एक खटकेदार चाकू बरामद किया गया। शेष





लूटी गई रकम उसके द्वारा अपने दूसरे साथी के पास होना बताया तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा के संबंध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि बहोडापुर थाना क्षेत्र से दिनांक 10.10.2024 को स्वयंवर गार्डन के बाहर रामाजी की पुलिया के पास से चोरी करना बताया है। जिसके संबंध में थाना बहोड़ापुर से सम्पर्क किया गया तो जानकारी मिली की उक्त एक्टिवा थाना बहोडापुर के अप.क्र. 697/2024 धारा 303(2)बीएनएस का है। पकड़े गये आरोपी आकाश माहौर की निशादेही पर उक्त लूट के वांछित दूसरे आरोपी दिनेश जाटव की तलाश की गई तो पुलिस टीम द्वारा दिनेश जाटव पुत्र मुकेश जाटव उम्र 20 साल नि. रमटापुरा नं. 02 मिलन गार्डन के पास मन्दिर के सामने किलागेट थाना ग्वालियर, जिला ग्वालियर को उसके घर से धरदबोचा और लूटी गई शेष रकम 15000/- रूपये को उसके कब्जे से जप्त किया गया। थाना हजीरा पुलिस द्वारा उक्त लूट की घटना का महज 12 घंटे के अन्दर पर्दाफाश कर आरोपियों को पकड़ा जाकर लूटा गया मशरूका 47000/- रूपये नगद एवं घटना में प्रयुक्त एक्टिवा और चाकू को जप्त किया गया। पकड़े गये आरोपियों से शहर मे हुई अन्य चोरी व लूट की घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पकड़े गये आरोपी आकाश माहौर के खिलाफ थाना जनकगंज में मारपीट, थाना ग्वालियर में चोरी, थाना हजीरा में उक्त लूट का अपराध एवं बहोड़ापुर में उक्त बरामद चोरी की एक्टिवा का दर्ज है।

**गिरफ्तार आरोपी**

1. आकाश माहौर पुत्र महेश माहोर उम्र 28 साल नि. सेवा नगर नूरगंज ख्वाजा नगर किलागेट थाना ग्वालियर, जिला ग्वालियर (कुल अपराध-04)
2. दिनेश जाटव पुत्र मुकेश जाटव उम्र 20 साल नि. रमटापुरा नं. 02 मिलन गार्डन के पास मन्दिर के सामने किलागेट थाना ग्वालियर, जिला ग्वालियर।

**जप्त मशरूका :–**

नगदी 47000/-रुपये, एक एक्टिवा सफेद रंग की, एक खटकेदार चाकू, आरोपियों के मोबाइल।

**सराहनीय भूमिका**

थाना प्रभारी हजीरा निरीक्षक शिवमंगल सिह सेंगर, उनि, हरेन्द्र सिंह भदौरिया, संजेश सिंह भदौरिया, प्रआर. अनिल गुप्ता, आर. अशोक सिकरवार, अरुण लोधी, करन चौरसिया, श्रीकृष्ण राठौर, भानु प्रताप परिहार, राजकुमार विमल, दिनेश तोमर, सायबर टीम- आर. सोनू प्रजापति, प्रदीप यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# जलकेश्वर महादेव मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा, गोविंदपुरी में पुण्डरीक गोस्वामी महाराज की भागवत कथा शुरू

गोविंदपुरी पार्क में आरंभ हुई। इससे पूर्व जलकेश्वर मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें भगवान जगन्नाथ के भक्त विविध प्रकार के वाद्ययंत्रों का वादन कर राधा रमण हरि गोविंद जय जय का कीर्तन कर सभी का ध्यान खींच रहे थे। कलश यात्रा में आमतौर पर कथा प्रवक्ता बग्घी में सवार होकर चलते हैं ,लेकिन इस भव्य कलश यात्रा में बग्घी में जगन्नाथ जी का विग्रह विराजमान था और पुंडरीक गोस्वीमा महाराज कड़ी धूप में भक्तों के साथ कदम ताल मिलाते हुए पैदल चल रहे थे। कथा परीक्षत रैनू विपिन शर्मा सिर पर भागवतजी का पोथी लेकर चल रहे थे। कलश यात्रा में सबसे अधिक संख्या पीताम्बर वस्त्रधारी सिर पर कलश लिए महिला श्रद्धालुओं की थी।



कलश यात्रा के दौरान एक और अनूठी बात देखने को मिली। रिकॉर्डेड गीतों की बजाय सिर्फ भगवान राधा-कृष्ण का संकीर्तन ही सुनने को मिला, जिसे सुन भक्त भी भक्ति भाव से ओतप्रोत हो गए। कलश यात्रा सुबह के वक्त निकाली गई और कथा शाम को चार बजे आरंभ हुई। प्रथम दिवस की कथा में पुण्डरीक महाराज ने श्रीमद्भागवत के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि भागवत कथा की महिमा ऐसी है कि बड़े से बड़े पापियों का भी इसे सुनकर उद्धार हो जाता है, इसलिए जब भी जहां भी अवसर मिले श्रीमद्भागवत श्रवण का पुण्य लाभ अवश्य लेना चाहिए। इस मौके पर मधु प्रदीप बोहरे, ममता रवि शर्मा, ममता गोस्वामी, शुभम गोस्वामी, मनोज श्रोत्रिय, रोहन दाामिनी, रोहित बोहरे, अमिति अदिति, रविशेखर, दीप्ति गौड सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गीतकार शायर पदमश्री निदा फाजली पर आधारित वृत चित्र का प्रदर्शन 9 नवंबर को




ग्वालियर। प्रसिद्ध कवि गीतकार शायर व पदमश्री सम्मान से सम्मानित निदा फाजली पर आधारित एक वृत्त चित्र मैं निदा का प्रदर्शन आगामी 9 नवंबर को ग्वालियर स्थित बाल भवन में किया जाएगा।उक्त जानकारी पत्रकारों को वेब कान्फ्रेंस के जरिये बालीबुड के प्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर शान ने दी। प्लेबैक सिंगर शान ने कहा कि पदमश्री से सम्मानित निद फाजली पांच भाषा उर्दू , हिन्दी, अरबी, अंग्रेजी के ज्ञाता थे, उन्होंने अपनी कविता , गजलें, शायरी सरल भाषा में लिखी। अधिकांश उनकी रचनाएं मुहाबरे, की तरह अलग और खास लोगों के बीच लोकप्रिय हो गई थी। उनके जीवन पर आधारित वृत चित्र बनाना एक चुनौती भरा कार्य था। उन्होंने निदा फाजली के साथ बिताये अपने बचपन को याद करते हुये कहा कि वह अपने लिखी रचनाओं को हम सभी लोगों से गाने को कहते थे। एवं उनकी रचनाओं को मेरे पिता व निदा फाजली मित्र मानस मुखर्जी कम्पोज करते थे। गायक शान के फिल्म शाब्द का गीत के बोल खुशबू हूं में फूल नहीं को गुनगुना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।
मैं निदा फिलम के निर्माता अतुल गंगवार ने कहा कि उन्होंने अदबी कालटेल, उर्दू बाजार, कार्यक्रम , उर्दू टेलीविजन नेटवर्क और ईटीवी के लिए बनाया। वहीं उनकी सुनो तुम और लफजों के दरम्यान आई नज्मों की एलबम प्रकाशित हुई। फिल्म निर्देशक अतुल पांडे ने बताया कि मैं निदा हूं के बारे में बताया कि फिल्म को बनाते समय उनसे हुई मुलाकातों के कुछ अंश है। कबीर और गालिब की तरह निदा फाजली आम आदमियों के लिए सांस्कृतिक मूल्यों को साहित्यक सादगी की भाषा को पिरोता था। फिल्म एडीटर सीपीएल तोमर ने कहा कि निदा साहब पर डाक्यूमेंट्री बनाना एक चुनौती पूर्ण कार्य था जिसे 450 घंटों के अथक परिश्रम के बाद आम जनों के बीच में लाने को सफल हुये। वृत चित्र में बालीबुड के प्रसिद्ध गायक शान ने अपनी आवाज में गीत गाए है। जिसकी धुन उनके पिता मानस मुखर्जी ने बनाई है। इसके अलावा अन्य तीन गीतों को गायक संगीतकार जैमिन शर्मा की धुनों पर पारूल मिश्रा , टॉम आल्टर ने अपनी आवाज दी है। में निदा का प्रथम प्रदर्शन 9 नवंबर को ग्वालियर के बाल भवन में आयोजित किया गया है। 60 मिनट की इस डाक्यूमेंट्री को नेशनल और अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में भेजा गया है। इसके तत्पश्चात दिल्ली एवं मुंबई में इसका प्रदर्शन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में अतुल गंगवार, सीपीएस तोमर, अतुल पांडे मीडिया प्रभारी कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# बैंड की धुन पर मार्चपास्ट के साथ स्काउट रैली शुरू- कलेक्टर चौहान व एसपी धर्मवीर बोले, सेवा का जज्बा सबसे आगे



ग्वालियर। भारत स्काउट गाइड की संभागीय रैली का मंगलवार को ग्वालियर में 700 स्काउट गाइड की उपस्थिति व बैंड की धुन पर आकर्षक मार्चपास्ट से आगाज हो गया। छोटे-छोटे स्काउट गाइड का अनुशासन व सेवा का जज्बा देखकर जिला कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान व जिला पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह भी वाह कहकर उठे और स्वयं तेज धूप व गर्मी की परवाह न कर बच्चों के बीच ही आ बैठे।जिला कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान व एसपी धर्मवीर सिंह ने बच्चों से सीधी बात की, और उनके सवालों के जबाब भी दिये। कलेक्टर रूचिका चैहान ने कहा कि यह गर्व की बात है कि आप भारत स्काउट जैसे महत्वपूर्ण संगठन के सदस्य है, जो हमें अनुशासन, संस्कार व देशभक्ति के साथ सेवा का पाठ भी सिखाता हैं। उन्होंने कहा कि सेवा से ब?ा कोई धर्म नहीं है आप यहां से संस्कार, अनुशासन व सेवा का पाठ ग्रहण करके जाये और अपने जीवन में तय लक्ष्य को प्राप्त करें। जिला कलेक्टर ग्वालियर श्रीमती रूचिका सिंह चौहान ने कहा है कि स्काउट गाइड के शिविर जहां युवाओं को पढाई और प्रायोगिक में मदद देते हैं वहीं यह शिविर उनके लक्ष्य प्राप्त करने का जरिया भी बनते है। इन शिविरों में आने वाले बच्चों को जहां शारीरिक तनाव देने वाला होता है वहीं ऐसे शिविरों से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को भी मिलता है। शिविरों से बच्चे बहुत कुछ सीखकर अपने घर जाते है।जिला कलेक्टर श्रीमती रूचिका सिंह चौहान आज नयागांव घाटीगांव पर 21 अक्टूबर से चल रहे पांच दिवसीय स्काउट गाइड की रैली का विधिवत शुभारंभ कर रही थीं। कलेक्टर श्रीमती रूचिका सिंह ने अपने बचपन के दिन याद करते हुये कहा कि वह स्वयं बास्केट बाल की खिलाडी रही है और पहली बार वह अपने घर से रेल की सामान्य श्रेणी में यात्रा कर बास्केट बाल खेलने गई थी। उन्होंने कहा कि शिविर में रहकर जिंदगी की वह चीज भी सीखते हैं जो बाद में जीवन में काम आती है। जैसे शिविरों में कम सुविधाओं में भी मिल बांट कर भोजन करना कम पानी में भी काम चलाना, वहीं अन्य बच्चों के साथ अपने जीवन के अनुभवों को बांटना आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि शिविर युवाओं के लिए आवश्यक है।भारत देश भी युवाओं का है। उन्होने कहा कि शिविरों से युवा बच्चे मजबूत होकर घर जाते है। वहीं जो अनुशासन की पाठशाला वह शिविर में सीखते है वह अनुशासन उनके जीवन को सुखद बनाता है। रूचिका चैहान ने कहा कि अनुशासन भी युवाओं का सेल्फ स्कोर बेहतर जीवन जीना सिखाता है।

# खाद वितरण में अनियमितता पर होगी सख्त कार्रवाई- कलेक्टर

**– जनसुनवाई में 150 लोगों की समस्यायें सुनीं गईं**



ग्वालियर। जिले के किसी भी खाद वितरण केन्द्र पर यदि खाद की बोरी के लिए निर्धारित दर से अधिक पैसे मांगे जाएं तो किसान भाई इसकी सूचना तत्काल अपने क्षेत्र के एसडीएम, तहसीलदार अथवा सहकारिता व कृषि विभाग के अधिकारियों को अवश्य दें। निर्धारित दर से अधिक कीमत की मांग करने की जुर्रत करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। खाद प्राप्त करने में अन्य कठिनाई होने पर भी किसान भाई शिकायत कर सकते हैं। यह बात कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जन-सुनवाई में भितरवार क्षेत्र से खाद वितरण संबंधी शिकायत लेकर पहुँचे किसानों को आश्वस्त करते हुए कही। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में इस बार लगभग 150 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि किसानों को निर्धारित दर पर व मानक खाद-बीज उपलब्ध कराने के लिये जिला प्रशासन ने पुख्ता व्यवस्था की है। जिला प्रशासन के निर्देश पर संबंधित विभागों के मैदानी अधिकारी लगातार खाद वितरण केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं। साथ ही खाद के नमूने लेकर प्रयोगशाला में जाँच भी कराई जा रही है। भितरवार क्षेत्र के ग्राम पुरासानी से जन-सुनवाई में आए किसानों को उन्होंने आश्वस्त किया कि आप सबके द्वारा जो शिकायत की है, उसकी बारीकी से जाँच कराई जायेगी। यदि शिकायत सही हुई तो दोषी कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। भितरवार से जो खाद की बोरी लेकर किसान आए थे, उसके खाद का नमूना भी उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्री आर एस शाक्यवार द्वारा लिया गया है। उप संचालक कृषि ने बताया कि प्रथम दृष्टया खाद सही लग रहा है, फिर भी नमूने की जाँच प्रयोगशाला में कराई जायेगी। यदि नमूना अमानक पाया गया तो शासन के प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जायेगी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में पहुँचे लगभग 150 लोगों की समस्याओं को कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार, कुमार सत्यम व टी एन सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक ङ्क एक कर सुना। साथ ही समय-सीमा में इनके आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया निर्धारित की। 150 आवेदनों में से 73 आवेदन दर्ज किए गए।

**थाना जनकगंज पुलिस की कार्यवाही**

# स्कूल से घर जा रही 13 बर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। खुशी(परिवर्तित नाम) उम्र 13 साल निवासी नई सडक लश्कर ग्वालियर ने अपने पिता व माँ के साथ थाने में रिपोर्ट लेख कराई कि दिनांक 21.10.2024 की दोपहर को वह अपने स्कूल से वापस अपने घर आ रही थी, तभी जैसे ही मैं हमारी गली में पहुंची तो वहां पर एक अज्ञात व्यक्ति साईकिल से आया और उसने मुझे बुरी नियत से छुआ जिससे मैं उसकी इस हरकत से चिल्लाई और पीछे देखा तो वह साईकिल से आगे निकल कर भाग गया। उक्त रिपोर्ट पर से थाना जनकगंज में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्र0- 582/24 धारा 74,75 बीएनएस, 7/8,11/12 पाक्सो एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। दिनदहाड़े बच्ची के साथ छेडखानी की घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह(भापुसे ) द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक (पश्चिम) ग्वालियर श्री गजेन्द्र वर्धमान को थाना जनकगंज पुलिस टीम को बच्ची के साथ छेड़छाड करने वाले आरोपी की पतारसी कर उसे पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन




में प्रभारी सीएसपी लश्कर श्री अशोक सिंह जादौन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जनकगंज निरी0 विपेन्द्र सिंह चौहान के द्वारा थाना बल टीम को उक्त प्रकरण के आरोपी को पकड़ने हेतु लगाया गया। दौराने विवेचना पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही कैमरे चेक किये गये। सीसीटीव्ही फुटेज में एक व्यक्ति बच्ची के साथ छेड़खानी करता हुआ दिखा। जिस पर से थाना प्रभारी जनकगंज द्वारा तीन अलग-अलग पुलिस टीमों को उक्त आरोपी की पतारसी हेतु लगाया गया। पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर उक्त आरोपी की पहचान हेतु क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लोगों एवं दुकानदारों से उसकी फोटो दिखाकर पूछताछ की गई, पूछताछ में पुलिस टीम को ज्ञात हुआ कि उक्त आरोपी की नई सड़क स्थित अतिथि भोज होटल में काम करता है। पुलिस टीम द्वारा उसके होटल पर काम करने के लिये आने के समय पर नई सड़क पर उसके आने का इंतजार किया गया। उक्त आरोपी को नई सड़क आते ही पुलिस टीम द्वारा धरदबोच लिया गया। पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम नारायण सिंह उर्फ गोटीराम बताया। पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी को हिरासत में लेकर थाना जनकगंज के प्रकरण में गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपीः- नारायण सिंह उर्फ गोटीराम पुत्र खेत सिंह चौहान निवासी गोल पहाड़िया जनकगंज ग्वालियर।

सराहनीय भूमिकाः- उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जनकगंज निरी0 विपेन्द्र सिंह चौहान, उनि0 अंकिता भार्गव, प्र.आर0 निलेश भदौरिया, धर्मेन्द्र किरार, सागर सिंह सेंगर, सतीश परिहार, रामकिशोर गोयल, आर0 श्याम परिहार, नरेन्द्र टोंगर, विद्याचरण की सराहनीय भूमिका रही।


स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478